उज्जैन
शुक्रवार
10
अप्रैल, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-156
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



पंजाबी सिंगर सुनंदा के बोल्ड ठुमके, लॉलीपॉप लागेलु गीत पर जमकर नाचीं फैंस हुए बेकाबू, पुलिस को करना पड़ा लाठीचार्ज

पेज- 8

# 10,000 से ज्यादा के ऑनलाइन-पेमेंट पर रहेगा एक घंटे का होल्ड

## गलत ट्रांजैक्शन कैंसिल करने का मौका मिलेगा, आरबीआई ने 'किल स्विच' का सुझाव भी दिया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

जल्द ही ऐसा हो सकता है कि आपका 10 हजार से ज्यादा का ऑनलाइन ट्रांजैक्शन तुरंत न हो। उसमें 1 घंटे की देरी हो सकती है। इससे ग्राहकों को गलत ट्रांजैक्शन रोकने या कैंसिल करने का मौका मिलेगा। देश में बढ़ते डिजिटल फ्रॉड को रोकने के लिए आरबीआई ने ये प्रस्ताव रखा है। आरबीआई का मानना है कि जालसाज अक्सर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाकर जल्दबाजी में पैसे ट्रांसफर करवाते हैं, यह देरी उस दबाव को खत्म करेगी। फिलहाल ज्यादातर डिजिटल ट्रांजैक्शन तुरंत होते हैं, जिससे यूजर को सोचने या गलती सुधारने का मौका नहीं मिलता।

### सीनियर सिटीजंस के लिए 'ट्रस्टेड पर्सन' सुविधा




70 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए सुरक्षा और सख्त होगी। 50,000 रुपए से ज्यादा के ट्रांजैक्शन के लिए एक 'ट्रस्टेड पर्सन' (भरोसेमंद व्यक्ति) की मंजूरी जरूरी हो सकती है। यह फ्रॉड के खिलाफ सुरक्षा की एक दूसरी लेयर की तरह काम करेगा।

### डिजिटल पेमेंट बंद करने के लिए 'किल स्विच'

आरबीआई ने एक 'किल स्विच' का सुझाव भी दिया है। अगर किसी ग्राहक को लगता है कि उसका अकाउंट हैक हो गया है या कोई गलत ट्रांजैक्शन हो रहा है, तो वह एक क्लिक से अपनी सभी डिजिटल पेमेंट सेवाओं को तुरंत बंद कर सकेगा।

### कब तक लागू हो सकता है नियम?

आरबीआई फिलहाल बैंकों और नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के साथ मिलकर इसके तकनीकी पहलुओं पर चर्चा कर रहा है। इसमें मुख्य चुनौती यह है कि डिजिटल पेमेंट की 'रफ्तार' और 'सुरक्षा' के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए। उम्मीद जताई जा रही है कि अगले कुछ महीनों में इसके लिए विस्तृत गाइडलाइन जारी की जा सकती है और चरणबद्ध तरीके से इसे लागू किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ में 2 कारें भिड़ीं, 6 लोगों की मौत



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ कांकेर**

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में भीषण सड़क हादसे में कॉन्स्टेबल मुनेंद्र नेताम के परिवार के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा नेशनल हाईवे-30 पर कोतवाली थाना क्षेत्र में दो कारों की आमने-सामने टक्कर से हुआ।

जानकारी के मुताबिक, उड़कुडा निवासी नेताम परिवार गुरुवार रात करीब 11 बजे चीवरांज में शादी से लौट रहा था। नाथिया नवागांव के पास उनकी कार दूसरी कार से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

## राज्यसभा के मनोनीत सांसद बने हरिवंश नारायण



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हरिवंश नारायण सिंह को राज्यसभा के लिए नॉमिनेट किया है। पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई के रिटायर होने के बाद यह सीट खाली हो गई थी। इस सीट को भरने के लिए के हरिवंश को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। 69 साल के हरिवंश अब 2032 तक राज्यसभा में रहेंगे। राज्यसभा में कुल 12 सदस्य मनोनीत सांसद होते हैं, जिन्हें राष्ट्रपति ही तय करते हैं। इन सांसदों को कला, साहित्य, विज्ञान, समाज सेवा में विशेष योगदान के आधार पर चुना जाता है। दरअसल, हरिवंश का पिछला कार्यकाल 9 अप्रैल को खत्म हो गया था। उनकी पार्टी जेडीयू ने इस बार राज्यसभा सांसद के लिए उनका नाम नहीं दिया था।

## 2840 सिख श्रद्धालुओं का जत्था बैसाखी मनाने पाकिस्तान रवाना

**अमृतसर।** बैसाखी मनाने के लिए देश से लगभग 2840 सिख श्रद्धालुओं का जत्था आज अटारी-वाघा सीमा के रास्ते पाकिस्तान के लिए रवाना हुआ। ये श्रद्धालु बैसाखी मनाने के साथ पाकिस्तान स्थित पवित्र गुरुधामों के दर्शन करेंगे। उन्हें 10 दिनों का वीजा दिया गया है। इस अवसर पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से 1763 श्रद्धालुओं का एक जत्था भेजा गया। बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारों के बीच जत्थे को रवाना किया गया। इस जत्थे की अगुवाई एसजीपीसी सदस्य सुरजीत सिंह तुगलवाल कर रहे हैं। एसजीपीसी ने 1795 वीजा के लिए आवेदन भेजे थे, जिनमें से 1763 को वीजा जारी किया गया, जबकि 32 श्रद्धालुओं के आवेदन रद्द कर दिए गए।

## एआईएमआईएम ने हुमायूं कबीर की पार्टी से गठबंधन तोड़ा



**कोलकाता/चेन्नई।** असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने हुमायूं कबीर की पार्टी आम जनता उन्नयन पार्टी से गठबंधन तोड़ लिया है। दोनों पार्टियों ने 25 मार्च को पश्चिम बंगाल चुनाव साथ लड़ने की घोषणा की थी। अब एआईएमआईएम चुनाव में अकेले उतरेगी। एआईएमआईएम के एक्स हैंडल पर लिखा गया- हुमायूं कबीर के हालिया खुलासों ने यह दिखा दिया है कि बंगाल के मुसलमान कितने असुरक्षित हैं। एआईएमआईएम ऐसे किसी भी बयान से खुद को नहीं जोड़ सकती, जिसमें मुसलमानों की निष्ठा या ईमानदारी पर सवाल उठाए जाएं।

## पनागर टीआई सहित 4 पुलिसकर्मी सस्पेंड, गांजा तस्करों को छोड़ने पर पर कार्रवाई

**जबलपुर।** एमपी के जबलपुर में गांजा तस्करी के एनडीपीएस मामलों में गंभीर लापरवाही सामने आई है। पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) जबलपुर रेंज के निर्देश पर थाना पनागर प्रभारी विपिन ताम्रकार, उप निरीक्षक और दो सहायक उप निरीक्षकों को सस्पेंड कर दिया गया है। आईजी प्रमोद वर्मा ने समीक्षा के दौरान तीन महत्वपूर्ण मामलों में यह पाया कि आरोपी गांजा तस्करों को पकड़ने के बाद भी छोड़ा गया, जबकि एनडीपीएस एक्ट के तहत उन्हें गिरफ्तार करना अनिवार्य था। सिर्फ निलंबन ही नहीं, आईजी ने छह अन्य थाना प्रभारियों गढ़ा, लार्डगंज, ग्वारीघाट, अधारताल, मझौली और गोहलपुर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

**पाकिस्तानी रक्षा मंत्री बोले**

# इजराइल कैंसर की तरह है: इस देश को बनाने वाले नरक में जलें

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेहरान**

अमेरिका-ईरान शांति वार्ता से पहले इजराइल और पाकिस्तान के बीच विवाद बढ़ गया है। इसकी शुरूआत तब हुई जब पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इजराइल पर लेबनान में नरसंहार करने का आरोप लगाया। आसिफ ने कहा- इजराइल बुराई का प्रतीक है और मानवता के लिए अभिशाप है। इस्लामाबाद में शांति वार्ता चल रही है, वहीं लेबनान में नरसंहार हो रहा है। इजराइल निर्दोषों को मार रहा है, पहले गाजा में, फिर ईरान में और अब लेबनान में। मेरी दुआ है कि जिन लोगों ने इस देश को बनाया वे नरक में जलें। इजराइल के पीएम ऑफिस ने आसिफ के बयान को आपत्तिजनक बताया। उन्होंने कहा कि यह बयान इजराइल को खत्म करने की मांग जैसा है। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता, खासकर उस देश से जो खुद को शांति वार्ता का मध्यस्थ बता रहा हो।

### ईरान जंग सीजफायर- पाकिस्तानी पीएम को नोबेल शांति की मांग

पाकिस्तान की पंजाब असेंबली में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और उपप्रधानमंत्री इशाक डार को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करने का प्रस्ताव पेश किया गया है। जियो न्यूज के मुताबिक पीएमएल-एन के विधायक राणा मुहम्मद अरशद ने प्रस्ताव पेश किया। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान के नेताओं की मध्यस्थता से ही अमेरिका-ईरान के बीच 2 हफ्ते का सीजफायर हो पाया और इससे क्षेत्र में शांति और स्थिरता का रास्ता तैयार हुआ। 8 अप्रैल को अमेरिका ने ईरान से सीजफायर का ऐलान किया था। ट्रम्प ने बताया था कि उन्होंने यह फैसला प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर की अपील के बाद लिया था। ईरान ने भी इसकी पुष्टि की थी।

# अस्पतालों में मरीजों को दी जा रही अमानक दवाएं

## जांच रिपोर्ट जब तक आती है, तब तक मरीजों में दवाएं बंट जाती हैं

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन जिले सहित पूरे प्रदेश में जहां एक तरफ सरकारी अस्पतालों को हाईटेक बनाया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ अस्पतालों में मरीजों को अमानक दवाएं दी जा रही हैं। आलम यह है कि सरकारी अस्पतालों में पहुंचने वाली दवाओं की जांच रिपोर्ट जब तक आती है, तब तक मरीजों में दवाएं बंट जाती हैं। कई बार स्थिति यह सामने आई है कि कोई दवा अमानक निकली है, उससे पहले मरीज उसका सेवन कर चुके होते हैं।



भोपाल सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरे प्रदेश में ही अगर पिछले दो माह यानी जनवरी-फरवरी की बात करें तो नौ दवाएं और एक ब्लड ग्रुपिंग किट अमानक मिल चुकी हैं। बड़ी बात यह है कि इनमें छह एंटीबायोटिक हैं, जो संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए उपयोगी हैं। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश के शासकीय अस्पतालों में रोगियों को बांटी जाने वाली दवाओं के लिए राज्य पब्लिक हेल्थ सप्लाई कारपोरेशन दवाओं की खरीदी के लिए कंपनियों से अनुबंध करता है। खरीदी आदेश जिले अपनी आवश्यकता के अनुसार जारी करते हैं। दवा आपूर्ति करने वाली कंपनी तैयार दवाएं, उपकरण या अन्य उत्पाद की जांच सबसे पहले खुद की लैब में करती है, जो ड्रग एवं कॉस्मेटिक एक्ट के अंतर्गत आवश्यक शर्त है। दूसरी जांच कंपनी को अन्य नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर लैबोरेट्री (एनएबीएल) मान्यता प्राप्त लैब से करानी होती है। दोनों मानक रिपोर्ट के साथ दवा की आपूर्ति की जाती है। रिपोर्ट अमानक होने पर सॉफ्टवेयर में दवा की प्राप्ति ही अंकित नहीं होती। इसके बाद दवाएं वितरण के लिए उपलब्ध कराई जाती हैं। तीसरी जांच वह अस्पताल कराता है, जहां उस दवा का पहला बैच गया है। दवा अमानक मिलती है तो तुरंत सभी जगह उसकी सूचना भेजी जाती है।

### नौ दवाएं अमानक

इसे लापरवाही ही कहेंगे की चार स्तर पर जांच के बाद भी दवाएं अमानक निकल रही हैं। जो 9 दवाएं अमानक निकली हैं उनमें इट्राकोनाजोल कैप्सूल- फंगल रोधी, सेफेक्सिम सिरप- एंटीबायोटिक, अमिकासिन इंजेक्शन- एंटीबायोटिक, सिप्रोफ्लाक्सासिन टैबलेट- एंटीबायोटिक, मेरोपेनम इंजेक्शन- एंटीबायोटिक, सेफेक्सिम टैबलेट- एंटीबायोटिक, इथम साइलेट टैबलेट- ब्लीडिंग रोकने के लिए, पेरासिटामोल टैबलेट- बुखार के लिए, पायरोक्सीकैम टैबलेट- सूजन में उपयोगी और ब्लड ग्रुपिंग किट- ब्लड ग्रुप की जांच के लिए शामिल हैं। एमडी, मप्र पब्लिक हेल्थ सप्लाई कॉरपोरेशन मयंक अग्रवाल का कहना है कि चार स्तर पर दवाओं की जांच होती है। दो मानक रिपोर्ट मिलने पर ही दवा रिसीव की जाती है। कई बार रखरखाव और परिवहन के कारण गुणवत्ता में मामूली प्रभाव पड़ जाता है। इस समस्या से निपटने के लिए संभाग स्तर पर वेयरहाउस बनाए जा रहे हैं। अन्य व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं।

## प्रदेश में हर एक लाख प्रसव में 159 माताएं और हर एक हजार जन्म में 40 नवजात अपनी जान गंवा रहे

# अब गर्भावस्था में महिला की मौत का कारण आएगा सामने, डेढ़ घंटे में आएगी रिपोर्ट

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**

एमपी मातृ और शिशु स्वास्थ्य के मामले में देश के सबसे पीछे रहने वाला राज्य है। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, प्रदेश में हर एक लाख प्रसव में 159 माताएं और हर एक हजार जन्म में 40 नवजात अपनी जान गंवा रहे हैं। ये आंकड़े सिर्फ एक नंबर नहीं, बल्कि उन परिवारों की पीड़ा हैं जो समय पर इलाज, संसाधन और सुरक्षित प्रसव सुविधाओं के अभाव में अपनों को खो देते हैं।

**नहीं रहेगा पुलिस का इंवॉल्वमेंट, एम्स में फ्री क्लिनिकल ऑटोप्सी शुरू**

यही नहीं कई बार मौत की असली वजह सामने नहीं आ पाती, जिससे सुधार के ठोस कदम भी नहीं उठ पाते। अब इसी चुनौती से निपटने के लिए एम्स भोपाल ने एक अहम पहल शुरू की है। यहां गर्भावस्था या प्रसव के दौरान हुई महिलाओं की मौत के मामलों में क्लिनिकल ऑटोप्सी की सुविधा दी जा रही है, जिससे मौत की असली वजह सामने लाई जा सके।



खास बात यह है कि यह प्रक्रिया पूरी तरह फ्री है और इसमें पुलिस की कोई भूमिका नहीं होती। परिवार की सहमति से होने वाली इस जांच से न केवल परिजनों को सच्चाई पता चलती है, बल्कि सरकार को भी ऐसा डेटा मिलता है, जिससे भविष्य में मातृ मृत्यु को कम करने की रणनीति तैयार की जा सके।

### अब मौत के कारणों की होगी सटीक पहचान

इन मामलों में मौत की असली वजह साफ नहीं हो पाती। ऐसे में एम्स भोपाल में क्लिनिकल ऑटोप्सी के जरिए वैज्ञानिक तरीके से कारणों की जांच की जा रही है। इससे यह समझने में मदद मिलेगी कि कौन सी मौत रोकी जा सकती थी और किन मामलों में स्थिति गंभीर थी। यह प्रक्रिया मेडिको-लीगल ऑटोप्सी से अलग होती है। इसमें पुलिस की जरूरत नहीं होती और यह परिवार के अनुरोध पर की जाती है। इसमें शरीर के जरूरी हिस्सों की जांच कर बीमारी या जटिलता की सही वजह पता की जाती है। ऑटोप्सी के बाद डॉक्टर हिस्टोपैथोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी रिपोर्ट तैयार करते हैं। कुछ ही दिनों में यह रिपोर्ट परिवार को दी जाती है। इससे परिजनों को यह समझने में मदद मिलती है कि मौत क्यों हुई और कोई लापरवाही तो नहीं हुई।

एम्स भोपाल के डॉक्टरों के अनुसार, मध्यप्रदेश उन राज्यों में शामिल है जहां मातृ मृत्यु के मामले अपेक्षाकृत अधिक हैं। मातृ मृत्यु का मतलब है कि गर्भावस्था के दौरान, प्रसव के समय या गर्भसमापन के 42 दिनों के भीतर महिला की मौत। ऐसे मामलों को रोकना सरकार की बड़ी जिम्मेदारी होती है।

## खबर एक नजर...

### तेज रफ्तार कार ने बाइक चालक को मारी टक्कर

**उज्जैन।** देवासरोड पर सांवरिया कैफे के सामने बुधवार-गुरुवार रात बाइक सवार मेहरबान पिता दयाराम सोलंकी 42 साल निवासी हामूखेड़ी को तेजगति से आये कार चालक ने सामने से टक्कर मार दी। दुर्घअना में बाइक सवार मेहरबान गंभीर घायल हुआ है। मामले में नागझिरी थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू की है।

### चिमनगंज थाना प्रभारी होगें विवेक कनोडिया

**उज्जैन।** शहर में गुरुवार को कुछ थाना प्रभारियों की अदला-बदली की गई। चिमनगंज थाने का प्रभार विवेक कनोडिया को सौंपा गया है। संभवतः आज वह प्रभार ग्रहण कर सकते है। लम्बे समय से थाना प्रभारियों की अदला-बदली की खबरे सामने आ रही थी। गुरुवार शाम एसपी प्रदीप शर्मा ने कुछ थाना प्रभारियों की नवीन पदस्थपना के आदेश जारी कर दिये। जिसमें जीवाजीगंज थाने का प्रभार संभाल रहे टीआई विवेक कनोड़िया को चिमनगंज थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया के साथ माधवनगर थाना प्रभारी राकेश भारती को लाइन भेजा गया है। संभावना है कि माधवनगर का प्रभार गजेन्द्र पचौरिया को मिल सकता है। वहीं जीवाजीगंज थाने का प्रभारी लाइन में मौजूद प्रतिक शर्मा को सौंपा गया है। थाना प्रभारी कनोड़िया संभवतः आज चिमनगंज थाने का प्रभार संभाल सकते है। गुरुवार को हुई कुछ प्रभारियों की अदला-बदली के साथ ही आगामी दिनों में कुछ और प्रभारियों के थाने का प्रभार बदला जा सकता है।

### मल्लिकार्जुन खरगे पर टिप्पणी से आक्रोश

**उज्जैन।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में शहर महिला कांग्रेस ने कड़ा ऐतराज जताया है। मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी सेतिया के निर्देशानुसार, बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने गणेश चौक पर असम के मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने असम के मुख्यमंत्री की भाषा को बेहद निंदनीय और आपत्तिजनक बताया। पुतला दहन के दौरान आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने विरोध जताते हुए स्पष्ट कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से दलित विरोधी है। गणेश चौक पर हुए इस उग्र प्रदर्शन में मुख्य रूप से पार्षद सपना साखला, पार्षद प्रेमलता रामी, महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष अंजु जाटवा, प्रदेश सचिव सबा कुरैशी, सह सचिव विजेता सोनी, नीलम विश्वास, पुष्पा राजपूत, सेराज बी, मोनिका गौड़, सीमा साहू, शहनाज, ममता गनावदिया, काजल, सावित्री बाई और कल्याणी बाई सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित थीं।

### अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन में संतोष सोडाणी बनीं प्रांतीय अध्यक्ष

**उज्जैन।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, मध्य प्रदेश का शपथ ग्रहण समारोह और प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक 7 अप्रैल को उज्जैन प्रमुख शाखा के आतिथ्य में संपन्न हुई। समारोह में मध्य प्रदेश की लगभग 25 शाखाओं से 225 महिलाओं ने उपस्थित रहकर सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में औरंगाबाद (महाराष्ट्र) से राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा राठी और विशेष अतिथि के रूप में पश्चिम बंगाल कलकत्ता से राष्ट्रीय सचिव बबिता बगाड़िया उपस्थित थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमारी बागड़ी ने की। समारोह में शपथ अधिकारी रेखा राठी ने नवनियुक्त प्रांतीय अध्यक्ष संतोष सोडाणी, प्रांतीय सचिव संगीता भूतड़ा, प्रांतीय कोषाध्यक्ष राजकुमारी माहेश्वरी सहित पूरी प्रांतीय कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह को संबोधित करते हुए महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय सचिव बबिता बगाड़िया ने कहा कि हमारी नई टीम अत्यधिक ऊर्जा और आत्मविश्वास से परिपूर्ण है।

# सिंहस्थ-2028 : मेले की तैयारियों से संत प्रसन्न

## घाट, डायवर्जन और ब्रिज कार्यों की समीक्षा, 42% काम पूरा, व्यवस्थाओं पर दिए सुझाव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



उज्जैन में गुरुवार को साधु-संतों ने अधिकारियों के साथ सिंहस्थ मेले के लिए चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। सबसे पहले संतों ने शनि मंदिर स्थित नए बन रहे घाटों का अवलोकन किया। इसके बाद वे कान्ह डायवर्जन और वाकणकर ब्रिज के निर्माण कार्य देखने पहुंचे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर उज्जैन संभाग आयुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने संतों को क्षिप्रा घाट, क्षिप्रा शुद्धिकरण योजना और कान्ह नदी डायवर्जन परियोजना के तहत बन रही टनल के कार्यों की जानकारी दी।

निरीक्षण के दौरान रामादल अखाड़ा परिषद के रामेश्वर दास, महंत सत्यानंद जी (बड़ा उदासीन अखाड़ा), भगवान दास जी (निर्मोही अखाड़ा), महावीर दास जी महाराज, चरणदास जी, महेश दास जी, दिग्विजय दास जी और राजीव लोचन दास जी सहित अन्य साधु-संत मौजूद रहे। अंत में संतों ने वाकणकर ब्रिज का निरीक्षण किया। इसके बाद हरी फाटक ब्रिज के पास स्थित पार्किंग में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सभी संतों का फूल-माला, शॉल और श्रीफल देकर सम्मान किया। गुरुवार सुबह शनि मंदिर पर सभी साधु-संतों ने घाटों के निर्माण काम का निरीक्षण किया और प्रसन्नता व्यक्त की। बड़ा उदासीन अखाड़े के महंत सत्यानंद महाराज ने बताया कि अधिकारियों के अनुसार घाट निर्माण का कार्य 42 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

उन्होंने कहा कि सिंहस्थ जैसे विश्वस्तरीय मेले का प्रबंधन भी उसी स्तर का होना चाहिए। साथ ही आम जनमानस की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए स्नान को सुगम बनाने के उद्देश्य से तीन घाटों पर व्हीलचेयर की व्यवस्था की जाएगी, जिससे उन्हें सीधे जल तक आसानी से पहुंचाया जा सकेगा।

### 13 अखाड़ों में एकजुटता की जिम्मेदारी पंच परमेश्वर की

अखाड़ा परिषद के दो गुटों और उनके अलग-अलग निरीक्षण को लेकर महंत सत्यानंद महाराज ने कहा कि देश में 13 अखाड़े हैं और उनमें एकजुटता बनाए रखने का दायित्व पंच परमेश्वर का है। पंच परमेश्वर इस दिशा में अपने स्तर पर कार्य भी कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी एक का एकछत्र नेतृत्व स्वीकार्य नहीं हो सकता। यहां होने वाले सभी कार्य सामूहिक हैं, व्यक्तिगत नहीं। उन्होंने कहा कि संत बनने का अर्थ ही व्यापक दृष्टि रखना है, इसलिए इस विषय पर वे किसी भी नकारात्मक बयानबाजी से बचेंगे।


### कलेक्टर बोले- संतों के सुझाव हमारे लिए महत्वपूर्ण

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बताया कि सिंहस्थ से जुड़े कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। इसी क्रम में संत-महात्माओं और गुरुजनों को निर्माण कार्यों का भ्रमण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ की दृष्टि से करीब 29 किलोमीटर लंबे नए घाटों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। कलेक्टर ने यह भी कहा कि मेले में संतों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। आज उनसे जो सुझाव प्राप्त हुए हैं, उन पर निश्चित रूप से अमल किया जाएगा।

# रोड चौड़ीकरण के बीच दूसरा मकान ढहा

## पानी भराव से कमजोर हुई नींव, होटल-किराए के घरों में शिफ्ट हुए लोग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




उज्जैन में सिंहस्थ मेले के लिए कई सड़कों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। गेबी हनुमान के पास 6 अप्रैल (सोमवार) को एक तीन मंजिला मकान गिरकर धराशायी हो गया था। घटना के दो दिन बाद बुधवार देर रात फिर एक मकान गिर गया, हालांकि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई।

वीडी क्लॉथ मार्केट से लेकर छोटी पुलिया तक करीब डेढ़ किलोमीटर लंबे रोड के चौड़ीकरण के तहत 568 मकानों के हिस्सों को हटाया जा रहा है। इस काम में लगभग 27 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं, ताकि सिंहस्थ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुगम मार्ग तैयार हो सके। सोमवार को तीन मंजिला मकान गिरने के बाद आसपास के लोग एहतियात के तौर पर होटल या किराए के मकानों में शिफ्ट हो गए थे। बुधवार रात मेडिकल व्यवसायी अनिल मेहता के मकान का एक हिस्सा भी गिर गया। इसके बाद मौके पर मौजूद जेसीबी मशीन की मदद से पूरे मकान को सावधानीपूर्वक ढहा दिया गया। रात में मकान का हिस्सा गिरने के दौरान तार टूटने से पूरे क्षेत्र की बिजली चली गई जिससे कई लोगों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी। रहवासी लाला चाचा ने बताया कि रोड चौड़ीकरण के काम से क्षेत्र के लोग काफी परेशान हैं। सोमवार को एक मकान गिरने के बाद जैसा अंदेशा था, वैसा ही हुआ और बुधवार रात दूसरा मकान भी गिर गया। इसके बाद नगर निगम की टीम और स्थानीय लोगों ने मौके पर स्थिति को संभाला। लोगों का कहना है कि यदि नगर निगम ने अब भी पानी के भराव को नहीं रोका, तो कई और मकान गिरने की स्थिति में आ सकते हैं। पानी जमा होने से मकानों की नींव लगातार कमजोर हो रही है।

# बैठक में सामुदायिक पुलिसिंग को सुदृढ़ करने के निर्देश



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ महाकुंभ की तैयारियों को लेकर गुरुवार दोपहर पुलिस कंट्रोल रूम पर एएसपी आलोक शर्मा द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिले के सभी थाना प्रभारियों के साथ शाखा प्रभारियों की मौजूदगी रही। इस दौरान सामुदायिक पुलिसिंग का सुदृढ़ करने के साथ नगर एवं ग्राम रक्षा समितियों की प्रभावी भूमिका सुनिश्चित किये जाने के निर्देश जारी किये गये। एएसपी शर्मा ने कहा कि सिंहस्थ जैसे विशाल धार्मिक आयोजन में लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहेगी। ऐसे में पुलिस बल की सीमित उपलब्धता को ध्यान में रख जनभागीदारी को बढ़ावा देना आवश्यक है। सुरक्षा व्यवस्था के लिये स्थानीय नागरिकों को जोड़ा जाये और जन सहभागिता आधारित सुरक्षा मॉडल विकसित किया जाये।भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, खोया-पाया सहायता, धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के साथ आपातकालीन सहायता में समितियों की भूमिका सुनिश्चित की जाए। बैठक में सिंहस्थ वॉलेंटियर्स की अवधारणा पर विस्तार से चर्चा करते हुए निर्देश दिए गए कि उज्जैन एवं आसपास के जिलों से योग्य व्यक्तियों का चयन कर एक मजबूत वॉलेंटियर नेटवर्क तैयार किया जाए। प्रत्येक थाना स्तर पर कार्ययोजना तैयार करने के साथ मासिक समीक्षा की जाये।

## बारात लेकर पहुंचा दूल्हा, फोन आया- रेप केस दर्ज हुआ

# नाबालिग से दुष्कर्म किया था, शादी वाले दिन पता चला पीड़िता प्रेग्नेंट है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




रतलाम में एक शादी हो रही थी। बारात पहुंच चुकी थी। दूल्हा मंडल में आने ही वाला था, तभी पुलिस के एक फोन से खलल पड़ गई। पता चला कि जिस लड़के से लड़की की शादी होने वाली है, उस पर तो नाबालिग ने रेप का केस दर्ज कराया है।

यह मामला उज्जैन से करीब 60 किमी दूर बड़नगर की शिक्षक कॉलोनी का है। यहां रहने वाले अभिषेक सेन की शादी रतलाम जिले की युवती से तय थी। दो दिन से शादी के कार्यक्रम चल रहे थे और बुधवार रात करीब 8 बजे दूल्हा घोड़ी पर सवार होकर बारात लेकर निकल चुका था।

बारात लगने से पहले बड़नगर पुलिस ने दुल्हन पक्ष से संपर्क कर बताया कि दूल्हे के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज होने वाला है। सूचना मिलते ही शादी वाले घर में हड़कंप मच गया। दोनों पक्षों की बातचीत के बाद शादी रोक दी गई।

पुलिस ने दूल्हे अभिषेक सेन पर 15 साल की नाबालिग की शिकायत पर पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज किया। केस दर्ज होते ही आरोपी फरार हो गया।

मामला जनवरी महीने का है। नाबालिग पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि आरोपी ने डरा-धमकाकर रेप किया। जिस दिन अभिषेक की शादी थी, उसी दिन पता चला कि पीड़िता प्रेग्नेंट है।

**गर्भवती नाबालिग ने की थी आत्महत्या की कोशिश-** थाना प्रभारी अशोक पाटीदार के अनुसार, 15 वर्षीय नाबालिग की शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई। पीड़िता और आरोपी एक ही कॉलोनी में रहते हैं। दूल्हे की शादी के तीन दिन पहले पीड़िता ने 6 अप्रैल को एसिड पीकर आत्महत्या की कोशिश की थी। इलाज के दौरान 8 अप्रैल को उसके गर्भवती होने की जानकारी सामने आई। इसके बाद उसने परिजन को पूरी बात बताई।

### धमकाकर दुष्कर्म, किसी को बताने से मना किया

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 5 जनवरी को आरोपी उसके घर आया, जब वह अकेली थी। उसने धमकाकर दुष्कर्म किया और किसी को बताने से मना किया। आरोपी की शादी तय होने के बाद उसने आत्महत्या का प्रयास किया।

### स्थानीय पार्षद की मदद से आरोपी की शादी रुकवाई

पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर फोन पर दुल्हन पक्ष को समझाया। पुलिस टीम और एक स्थानीय पार्षद की मदद से शादी रुकवा दी गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पास्को एक्ट सहित दुष्कर्म का मामला दर्ज किया। आरोपी अभिषेक सेन रतलाम पहुंचने से पहले फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है और जल्द गिरफ्तारी की बात कही है।

उज्जैन
शुक्रवार
10
अप्रैल, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

**यस्य पुत्रो वशीभूतो भार्या छन्दानुगामिनी।**
**विभवे यस्य सन्तुष्टिस्तस्य स्वर्ग इहैव हि ॥**

**अर्थः** जिसका पुत्र वशीभूत हो, पत्नी वेदों के मार्ग पर चलने वाली हो और जो वैभव से सन्तुष्ट हो, उसके लिए यहीं स्वर्ग है।

## खबर एक नजर...

### महिला आरक्षक ने किया सुसाइड का प्रयास

**इंदौर।** फर्स्ट बटालियन में रहने वाली एक महिला आरक्षक ने गुरुवार को आत्महत्या की कोशिश की। महिला अपने फ्लैट में फंदे पर लटकी मिली। रात में परिजन ने उसे देखा तो नीचे उतारकर निजी अस्पताल ले गए। फिलहाल महिला पुलिसकर्मी बयान देने की स्थिति में नहीं है। सदर बाजार पुलिस के मुताबिक, महिला का नाम रूचि, पति पंकज है। वह अपने पति के साथ फर्स्ट बटालियन में रहती है। सदर बाजार पुलिस को रात करीब 11 बजे गोकुलदास अस्पताल से सूचना मिली। हालांकि रूचि अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है। उनके पति पंकज भी क्राइम ब्रांच में पदस्थ हैं। रूचि ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पंकज के भी इस मामले में अभी बयान नहीं हो सके हैं।

### मुझे मार देंगे, लिखकर युवक ने किया सुसाइड

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक युवक की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने सुसाइड नोट के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। युवक ने रविवार को एसिड पी लिया था। गुरुवार रात को केस दर्ज करने के बाद उसका सुसाइड नोट भी सामने आया है। मामला नगीन नगर का है। यहां रहने वाले सोहन पुत्र लक्ष्मण ओडवाल ने जहर खा लिया था। परिजन उसे इलाज के लिए अरबिंदो अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी मौत हो गई। जांच के दौरान डॉक्टरों ने एक सुसाइड नोट पुलिस को सौंपा। सुसाइड नोट में ईश्नर टोडरमल, दिनेश टोडरमल और गजानंद टोडरमल पर प्रताड़ना और धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। युवक ने लिखा कि शादी के बाद लड़की के परिजन संबंध को नहीं मान रहे थे और उसे लगातार धमकियां दे रहे थे। युवक ने आरोप लगाया कि उसे झूठे मामले में फंसाने की कोशिश की गई। मोबाइल चेक करने, मारपीट करने और ड्रग्स रखकर पुलिस में फंसाने की धमकी देने जैसी बातें भी नोट में लिखी गई हैं। उसने लिखा कि इन सब से परेशान होकर वह यह कदम उठा रहा है। सुसाइड नोट में सोहन ने लिखा कि मैं अब इस जिंदगी से पूरी तरह टूट चुका हूं और आगे कुछ भी सहन नहीं कर पा रहा। मैं तुम्हारा अच्छा बेटा नहीं बन पाया और न ही तुम्हारे सपने पूरे कर सका, इसके लिए मुझे माफ कर देना मां। पिछले कई दिनों से खुद को संभालने की कोशिश कर रहा था, लेकिन अब हार गया हूं। मेरे जाने के बाद तुम बिल्कुल परेशान मत होना। घर में एक और बेटा है, उसे अपने पास बुला लेना। पापा आप मां का ध्यान रखना और आप सभी अच्छे से रहना, किसी भी बात की चिंता मत करना। मैंने बहुत कोशिश की, खुद को समझाया, लेकिन जो मेरे साथ हो रहा है वह सही नहीं है। जिस लड़की से मैंने शादी की, उसके घर वाले इस रिश्ते को नहीं मान रहे हैं और लगातार मुझे धमकियां दे रहे हैं। मुझे डराया जा रहा है कि मुझे मार दिया जाएगा।

### आग के बीच फंसे 3 मासूमों की जान बची, टला बड़ा हादसा

**इंदौर।** खजराना क्षेत्र में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सकीना महल के पास बाबू पटेल के मकान में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने तीसरी मंजिल को अपनी चपेट में ले लिया, जहां तीन मासूम बच्चे लपटों के बीच फंस गए। सूचना मिलते ही खजराना थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। हालात गंभीर देखकर उन्होंने फायर ब्रिगेड का इंतजार करने के बजाय तुरंत मोर्चा संभाल लिया। स्थानीय स्तर पर बोरिंग चालू कर पानी की व्यवस्था कराई और टीम के साथ धुएं के बीच तीसरी मंजिल तक पहुंच गए। जान की परवाह किए बिना पुलिस टीम ने अंदर फंसे तीनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने भी राहत कार्य में सहयोग किया।

### रुबीना बोलीं- कांग्रेस भाड़ में जाए, एआईएमआईएम का न्योता आया

# विधानसभा चुनाव निर्दलीय लड़ूंगी, कांग्रेस-बीजेपी को हरा सकती हूं

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर नगर निगम के बजट सत्र में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को लेकर शुरू हुआ विवाद धर्म बनाम राष्ट्रवाद के साथ ही अब राजनीतिक रूप ले चुका है। बीजेपी-कांग्रेस के बाद अब असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी (ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन) भी इस मुद्दे को लेकर मैदान में कूद गई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने दावा किया है कि रुबीना खान हमारे संपर्क में हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी कहा है कि कांग्रेस के बड़े नेताओं से बातचीत चल रही है। रुबीना से जब सवाल किया गया कि कांग्रेस ने उनके बयान से किनारा कर लिया है तो वह यह सुनते ही भड़क गईं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भाड़ में जाए। ऐसे जब भी मौके आते हैं तो कांग्रेस पल्ला झाड़ लेती है। कांग्रेस पार्टी सिर्फ मुसलमानों का वोट लेने के लिए है। कांग्रेस से कोई अनुबंध थोड़ी न करा रखा है।



हम ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम में चले जाएंगे। रुबीना ने आगे यह बयान भी दिया है कि कांग्रेस पार्टी जो भी निर्णय लेगी, मुझे स्वीकार होगा। रखेंगे तो ठीक, नहीं रखेंगे या निकाल देंगे तो भी कोई बात नहीं। मैं हर फैसले के लिए तैयार हूं। मुझे अपने नसीब और ऊपर वाले पर भरोसा है। हो सकता है कि मैं विधानसभा चुनाव लड़ूं और अगर लड़ूंगी तो निर्दलीय लड़ूंगी। मैं खुद नहीं जीत पाई तो सामने वाले को हराने की क्षमता जरूर रखती हूं। चाहे वह कांग्रेस हो या बीजेपी। रुबीना ने कहा कि कांग्रेस से बाहर निकालने वाले चिंटू चौकसे होते कौन हैं। यह उनकी नहीं राहुल गांधी की पार्टी है। मुझे पीसीसी से लेटर आएगा तो बात रखूंगी। मुझे तो ओवैसी की पार्टी से न्योता आ गया है।

**मुस्लिम पार्षद बना रहे कांग्रेस से दूरी-** कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस में खींचतान काफी लंबे समय से चल रही है। वह खुलकर बाहर नहीं आ रही थी, लेकिन यह खुलकर सामने आ चुकी है। अब कांग्रेस में दो धड़े हो चुके हैं। एक धड़ चिंटू समर्थकों का है तो दूसरा मुस्लिम नेताओं का। संगठन सृजन के बाद से ही कांग्रेस के अधिकतर मुस्लिम पार्षद दूरी बनाकर बैठे हुए हैं। बजट सत्र के दौरान भी कांग्रेस के मुस्लिम पार्षदों (फातमा रफीक खान, रुखसाना अनवर दस्तक, सुनहेरा अंशाफ अंसारी, अयाज बेग और शाहीन साजिद खान) ने पूरे सत्र से दूरी बनाकर रखी हुई थी।

**विकास के मुद्दों पर बात होनी चाहिए: फौजिया-** निगम सदन में वंदे मातरम् नहीं गाने की बात सबसे पहले बोलने वाली कांग्रेस पार्षद फौजिया शेख अलीम का कहना है कि इस बात को यहीं खत्म करना चाहिए। दोनों ही पार्टियों को बैठकर आपस में शहर हित और देश हित में कैसे अच्छा काम हो, इस पर विचार करना चाहिए। वहीं कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष शेख अलीम का कहना है कि हम मरते दम तक कांग्रेस पार्टी में रहेंगे। हमारा एआईएमआईएम के संपर्क में रहने का सवाल ही नहीं बनता है जो उनके संपर्क में हैं, वह जाएं। हमारा एआईएमआईएम से कोई लेना-देना नहीं है।

### एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष बोले- हम उनके समर्थन में

एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष मोहसिन अली ने बताया कि रुबीना और फौजिया शेख अलीम के बयान का हमारी पार्टी समर्थन करती है। रुबीना हमारे संपर्क में हैं। उनका हमारी पार्टी में स्वागत है। हमारी पार्टी के अंदर ओवैसी साहब सबको बराबरी, समानता, इंसाफ की बात करते हैं। जो आना चाहे, उनका हम स्वागत करते हैं। पार्टी उनसे पहले से संपर्क में है। पार्टी जल्द ही उनकी जॉइनिंग कराएगी। इनके अलावा कई पार्षद हैं जो हमारे संपर्क में हैं। कांग्रेस के अन्य कई बड़े नेता भी हमारे संपर्क में हैं। इंदौर, भोपाल, जबलपुर, खरगोन और खंडवा के साथ ही अन्य एक दो शहरों के कांग्रेस पदाधिकारी संपर्क में हैं। मोहसिन अली ने कहा कि बीजेपी का कोई नेता हमारे संपर्क में नहीं है। कारण है कि बीजेपी की विचारधारा और हमारी विचारधारा अलग है।

# धार भोजशाला में 24 घंटे पूजा के अधिकार की मांग

### सर्वे में बताया यहां संस्कृत की शिक्षा दी जाती थी, हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस के तर्क पूरे, आज फिर सुनवाई

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

धार स्थित भोजशाला के धार्मिक स्वरूप को लेकर मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ में गुरुवार को लगातार चौथे दिन सुनवाई हुई। इस दौरान हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की ओर से अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने अपना पक्ष रखा और एएसआई सर्वे के आधार पर भोजशाला को सरस्वती मंदिर बताया।

जैन ने कोर्ट को बताया कि वर्ष 1902 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा किए गए सर्वे में यह सिद्ध हो चुका है कि भोजशाला एक मंदिर है, जहां संस्कृत की शिक्षा दी जाती थी। उन्होंने कहा कि राजस्व रिकॉर्ड में भी यह स्थान भोजशाला के रूप में दर्ज है।



करीब एक घंटे तक जैन ने एएसआई रिपोर्ट के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि याचिकाकताओं को यहां 24 घंटे पूजा करने का अधिकार मिलना चाहिए। इसके लिए वर्ष 2003 के आदेश में संशोधन जरूरी है। इसके साथ ही हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की ओर से तर्क पूरे हो गए। जैन ने कोर्ट को बताया कि हाल ही में कोर्ट के आदेश पर 98 दिन तक चला सर्वे भी इस बात की पुष्टि करता है। सर्वे में दीवारों और खंभों पर भगवान गणेश, ब्रह्मा, नरसिंह सहित पशु आकृतियों के चित्र मिले हैं। उन्होंने तर्क दिया कि मस्जिदों में इस प्रकार के चिन्ह नहीं बनाए जाते। साथ ही त्रिशूल मिलने का भी उल्लेख किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि कार्बन डेटिंग से यह साबित होता है कि भोजशाला का अस्तित्व मस्जिद से पहले का है और मंदिर के पत्थरों का उपयोग बाद में मस्जिद निर्माण में किया गया।

जैन के मुताबिक सर्वे में यह भी सामने आया कि मस्जिद में उपयोग किए गए खंभे मूल रूप से भोजशाला के ही हिस्से थे, जबकि दीवारों पर बने मेहराब बाद में जोड़े गए। गुरुवार को सुनवाई के दौरान दूसरे याचिकाकर्ता कुलदीप तिवारी की ओर से वकील ने बताया कि वे हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस के तर्कों का समर्थन करते हैं, लेकिन कुछ अतिरिक्त बिंदु भी रखना चाहते हैं। दस्तावेज स्कैन नहीं होने के कारण वे शुक्रवार को विस्तृत तर्क पेश करेंगे।

# राऊ में कुत्तों को लेकर विवाद

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

राऊ थाना क्षेत्र में कुत्तों को लेकर पड़ोसियों के बीच विवाद बढ़ गया। एक महिला ने पड़ोसी पर अपने कुत्ते से उसके 4 साल के बेटे को कटवाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अभिव्यक्ति पाटीदार (35), निवासी ट्रेजर फैंटेसी केट रोड, की शिकायत पर बुधवार को पंकज माखीजा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

**घर के बाहर 7-8 कुत्ते रखने का आरोप-** शिकायत में बताया गया कि आरोपी पंकज माखीजा अपने घर के बाहर 7-8 कुत्तों को रखता है और उन्हें खाना खिलाता है। आरोप है कि ये कुत्ते आसपास गंदगी करते हैं और राहगीरों पर भौंकते हैं, जिससे क्षेत्रवासियों को परेशानी होती है। स्थानीय लोगों ने पहले भी आरोपी को कई बार कुत्तों को नियंत्रित रखने के लिए कहा था, लेकिन उसने ध्यान नहीं दिया। अभिव्यक्ति पाटीदार ने बताया कि जब उन्होंने कुत्तों को संभालने की बात कही तो आरोपी डंडा लेकर आ गया और अपशब्द कहे। आरोप है कि उसने अपने कुत्ते को 4 साल के दिव्याक्ष पर छोड़ दिया, जिससे कुत्ते ने बच्चे के पीछे के हिस्से में काट लिया।

### कलश यात्रा में किन्नर समाज की भागीदारी से दिखी सामाजिक समावेश की मिसाल

# इंदौर के गेंदेश्वर महादेव मंदिर में शिव महापुराण का शुभारंभ

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

शहर में धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण को सशक्त करने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 2 में धर्म रक्षा समिति एवं ब्राह्मण सेवा संगठन द्वारा शिव महापुराण कथा एवं रुद्राक्ष अभिषेक का शुभारंभ आज किया गया। शिव महापुराण की कथा आज से 19 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी।

कार्यक्रम के संयोजक अटल शर्मा ने बताया कि आयोजन के तत्वावधान में आज भव्य कलश यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुई। यात्रा का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया।



कलश यात्रा परदेशीपुरा स्थित गेन्देश्वर महादेव से होते हुए रेडीमेड कॉम्प्लेक्स के समीप कथा स्थलपर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन, धार्मिक नारों और ढोल-नगाड़ों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

कलश यात्रा में स्वर ढोल समूह द्वारा 40 से अधिक बालिकाओं ने ढोलक व नगाड़ों की थाप से वातावरण मन्त्रमुग्ध कर दिया।यात्रा में झांकियों का कारवां भी आकर्षण का केंद्र रहा एवं बड़ी संख्या में संत समाज जन बग्गियों पर सवार होकर कलश यात्रा में सम्मिलित हुए। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

**कलश यात्रा निकाली गई-** इस कलश यात्रा के दौरान एक विशेष दृश्य देखने को मिला, जब बड़ी संख्या में किन्नर समाजजन भी इस पवित्र आयोजन में सम्मिलित हुए। उनकी सक्रिय भागीदारी ने पूरे माहौल को और अधिक उत्साहपूर्ण और समावेशी बना दिया। किन्नर समाज के सदस्यों ने भी पूरे श्रद्धा भाव से भाग लिया और आयोजन की गरिमा को बढ़ाया। धर्मप्रेमी जनता आयोजकों की इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता और समानता की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। आयोजकों ने भी किन्नर समाज के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सभी को समान अवसर मिलना चाहिए। इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक रमेश मेंदोला, धर्म जागरण क्षेत्र टोली सदस्य रेवाराम, धर्म जागरण मालवा प्रांत प्रमुख विक्रम रघुवंशी, राम प्रसाद पांडे, किशोर चौकसे, एमआईसी मेंबर राजेंद्र राठौर, नवीन गोधा, राजकपूर सुनहरे, पार्षद विनीता धर्मेंद्र मौर्य सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन समिति के अंजली अटल शर्मा मधु पिल्लई एवं राम ठाकुर ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं प्रशासन का सफल आयोजन हेतु आभार व्यक्त किया।

## खबर एक नजर...

### मुख्यमंत्री से प्राचीन परंपरा अनुसार गऊ घाट निर्माण का अनुरोध

**महिदपुर।** आगामी सिंहस्थ महापर्व की तैयारियों के बीच उज्जैन क्षिप्रा नदी के तटों पर प्राचीन परंपरा के अनुसार गऊ घाट (पशुओं के लिए ढालदार घाट) बनाने का सुझाव शासन को दिया गया है। अश्विनी शोध एवं अनुसंधान संस्थान द्वारा इस संबंध में मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को एक अनुरोध पत्र प्रेषित किया गया है।

संस्थान के अध्यक्ष डॉ. आर.सी. ठाकुर ने बताया कि शासन द्वारा सिंहस्थ के दृष्टिगत संपूर्ण सिंहस्थ क्षेत्र में क्षिप्रा नदी के किनारे नवीन घाटों का निर्माण प्रस्तावित है। इस परियोजना में मानवीय उपयोग के घाटों के साथ-साथ विशेष रूप से गऊ घाटों का निर्माण भी शामिल किया जाना चाहिए।

### तीन दिवसीय डॉ. हेडगेवार स्मृति व्याख्यानमाला आज से 12 अप्रैल तक

**उज्जैन।** डॉ. हेडगेवार जन्म शताब्दी स्मृति सेवा न्यास के प्रकल्प अंतर्गत डॉ. हेडगेवार स्मृति व्याख्यानमाला-2026 का आयोजन 10, 11 एवं 12 अप्रैल को लोकमान्य तिलक विद्यालय, नीलगंगा रोड, माधव नगर में किया जाएगा। अपने 40वें वर्ष में प्रवेश कर रही यह प्रतिष्ठित व्याख्यानमाला प्रतिदिन रात्रि 8.30 बजे आयोजित होगी।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस 10 अप्रैल, शुक्रवार को मा. सह सरकार्यवाह रा. स्व. संघ श्री रामदत्त जी चक्रधर ह्न100 वर्ष की संघ यात्राह्न विषय पर व्याख्यान देंगे। इस सत्र की अध्यक्षता पद्मश्री एवं वरिष्ठ पुरातत्वविद श्री नारायण जी व्यास करेंगे।

द्वितीय दिवस 11 अप्रैल, शनिवार को मा. प्रांत संघचालक, मध्य भारत प्रांत, श्री अशोक जी पांडेय ह्नवर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिंदुत्वह्न विषय पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुधीर गवारिकर अध्यक्षता करेंगे।

समापन दिवस 12 अप्रैल, रविवार को मा. सह सरकार्यवाह रा. स्व. संघ श्री आलोक कुमार जी ह्रराष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ह्न नए क्षितिजह्न विषय पर व्याख्यान देंगे। इस सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ सनदी लेखाकार श्री अजय कुमार जैन करेंगे।

व्याख्यानमाला समिति के अध्यक्ष नितिन गरुड़ एवं सचिव गोपाल गुप्ता ने शहरवासियों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन में सोडाणी बनीं प्रांतीय अध्यक्ष, 225 महिलाओं की मौजूदगी में हुआ शपथ ग्रहण





### उज्जैन प्रमुख शाखा के आतिथ्य में संपन्न हुई प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक, 17 सदस्यों के साथ नई 'सृजन शाखा' का हुआ गठन, बांटे गए मेडिकल किट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, मध्य प्रदेश का शपथ ग्रहण समारोह और प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक 7 अप्रैल को उज्जैन प्रमुख शाखा के आतिथ्य में संपन्न हुई। समारोह में मध्य प्रदेश की लगभग 25 शाखाओं से 225 महिलाओं ने उपस्थित रहकर सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में औरंगाबाद (महाराष्ट्र) से राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा राठी और विशेष अतिथि के रूप में पश्चिम बंगाल कलकत्ता से राष्ट्रीय सचिव बबिता बगाड़िया उपस्थित थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमारी बागड़ी ने की। समारोह में शपथ अधिकारी रेखा राठी ने नवनियुक्त प्रांतीय अध्यक्ष संतोष सोडाणी, प्रांतीय सचिव संगीता भूतड़ा, प्रांतीय कोषाध्यक्ष राजकुमारी माहेश्वरी सहित पूरी प्रांतीय कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह को संबोधित करते हुए महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय सचिव बबिता बगाड़िया ने कहा कि हमारी नई टीम अत्यधिक ऊर्जा और आत्मविश्वास से परिपूर्ण है। हमें पूरा भरोसा है कि यह टीम अच्छी सेवा करेगी। यह हमारी संस्कृति और धरोहर को बढ़ावा देने में भी उल्लेखनीय योगदान करेगी।

### नई 'सृजन शाखा' का गठन

अतिथियों की उपस्थिति में 17 सदस्यों के साथ नई 'सृजन शाखा' का गठन किया गया। इस नवीन शाखा में अध्यक्ष जूही माहेश्वरी, सचिव हिमांशी भूतड़ा और कोषाध्यक्ष प्राची मूंदड़ा को मनोनीत किया गया। समारोह के दौरान सृजन शाखा द्वारा नौ देवियों के शक्ति स्वरूप पर आधारित एक आकर्षक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर बाल विकास प्रकल्प के तहत शाखा द्वारा स्कूली बच्चों के लिए 20 मेडिकल किट का वितरण किया गया। आयोजन में राष्ट्रीय पदाधिकारी इंदु गर्ग, माया सिंहल, अंशु गुप्ता, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सरला गट्टानी, इंदु सोमानी और सुमन मूंदड़ा विशेष रूप से उपस्थित थीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजक उज्जैन प्रमुख शाखा की अध्यक्ष शीतल मुंदड़ा, सचिव आरती सोडाणी, कोषाध्यक्ष कुसुम भूतड़ा एवं समस्त सदस्यों का योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन इंदु सोमानी एवं मनीषा लाठी ने किया। अंत में प्रांतीय सचिव संगीता भूतड़ा ने आभार माना।

### महापौर चौपाल में सुनी गई पेयजल समस्याएं, मौके पर हुआ निराकरण

# 53 शिकायतें व 15 आवेदन प्राप्त, अवैध कनेक्शन वैध करने की प्रक्रिया भी समझाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में पेयजल से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से गुरुवार, 9 अप्रैल को चामुंडा माता स्थित पीएचई कार्यालय में महापौर चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महापौर मुकेश टटवाल ने आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए।

चौपाल के दौरान कुल 53 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें पाइपलाइन बिछाने, लाइन लीकेज, जल सप्लाई में कम प्रेशर, गंदे पानी की समस्या तथा जल कर की राशि में त्रुटि सुधार जैसी समस्याएं प्रमुख रहीं। इसके अलावा अवैध नल कनेक्शनों को वैध कराने के लिए 15 आवेदन भी प्राप्त हुए।

महापौर ने बताया कि चौपाल में प्राप्त सभी शिकायतों के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निर्देशित किया गया। साथ ही नागरिकों को अवैध कनेक्शन को वैध कराने की प्रक्रिया भी समझाई गई। इसके लिए उपभोक्ताओं को रजिस्ट्री/पट्टा या एग्रीमेंट, आधार कार्ड, समग्र आईडी, संपत्ति कर रसीद एवं बिजली बिल जैसे दस्तावेजों के साथ निर्धारित शुल्क जमा करना होगा।



उन्होंने यह भी बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने नल कनेक्शन की अग्रिम राशि जमा कर दी है, लेकिन फिर भी उन्हें बिल जमा करने के एसएमएस प्राप्त हो रहे हैं, उनकी समस्याओं का भी तत्काल निराकरण किया गया। इस दौरान जल कार्य समिति प्रभारी प्रकाश शर्मा, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, एमआईसी सदस्य, पार्षदगण एवं निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। चौपाल में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं रखीं, जिससे उन्हें राहत मिली।

### कंठाल व कमरीमार्ग चौराहों के सौंदर्यकरण के लिए निगम ने की मार्किंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर शहर में श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम द्वारा चौड़ीकरण और विकास कार्यों को गति दी जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को कंठाल चौराहा एवं कमरीमार्ग चौराहा (ढाबा रोड) पर सौंदर्यकरण एवं विकास कार्य हेतु मार्किंग की कार्रवाई की गई।

निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देशानुसार निगम अमले ने निर्धारित योजना के तहत चौराहों के आसपास स्थित भवनों पर चिन्हांकन किया। यह मार्किंग आगामी चौड़ीकरण और विकास कार्यों के लिए आवश्यक प्रक्रिया का हिस्सा है, जिससे यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम और व्यवस्थित बनाया जा सके।

इस दौरान भवन अधिकारी राजकुमार राठौर एवं उपयंत्री राजेन्द्र रावत ने मौके पर पहुंचकर निर्धारित मापदंडों के अनुसार कार्य का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि चिन्हांकन के आधार पर आगे भवनों के आवश्यक हिस्सों को हटाने की प्रक्रिया भी की जाएगी, जिससे सड़क चौड़ीकरण का कार्य सुचारू रूप से पूरा हो सके।

# वार्ड 53 में टीन शेड व पेवर ब्लॉक निर्माण का भूमि पूजन

### 35 लाख की लागत से तेजाजी महाराज मंदिर परिसर में होंगे विकास कार्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

वार्ड क्रमांक 53 के शक्करवासा क्षेत्र में स्थित श्री सत्यवीर तेजाजी महाराज मंदिर परिसर के बाहर टीन शेड एवं पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का भूमि पूजन नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा विधिवत किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



इस अवसर पर महामंत्री आनंद सिंह खींची, कमलेश बैरवा, क्षेत्रीय पार्षद निर्मला करण परमार, मंडल अध्यक्ष परेश कुलकर्णी, नगर उपाध्यक्ष उमेश सेंगर एवं नगर कोषाध्यक्ष प्रकाश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

नगर निगम द्वारा कराए जा रहे इस निर्माण कार्य की अनुमानित लागत लगभग 35 लाख रुपए बताई गई है। यह कार्य निगम अध्यक्ष मद से स्वीकृत किया गया है, जिसके अंतर्गत मंदिर परिसर के बाहर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए टीन शेड लगाया जाएगा तथा परिसर में पेवर ब्लॉक बिछाए जाएंगे। इससे श्रद्धालुओं को धूप और बारिश से राहत मिलेगी तथा परिसर में स्वच्छता और सुव्यवस्था भी सुनिश्चित होगी।

भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रमुख रूप से मधुकर राव, हितेश नागदेव, करण परमार, बालू पटेल, रूपेश श्रीवास्तव, विजय चांदना, अमित जायसवाल, राकेश झाला, विकास पोरवाल सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

### अनामिक', के मिलन समारोह में सखियों ने किया रचनाओं का वाचन

**उज्जैन।** शहर की प्रसिद्ध साहित्यिक संस्था 'अनामिक' का मासिक मिलन एवं साहित्य रचना पठन सुनीता केलकर के संयोजन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में समूह की सभी सखियों ने अपनी रचनाओं का प्रभावी वाचन किया। संस्था शहर के विभिन्न नवोदित साहित्यकारों को मंच प्रदान करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है।

## खबर एक नजर...

### आईआईएम छात्र की मार्कशीट का फोल्डर गुम, पुलिस थाने में शिकायत दर्ज

**उज्जैन।** शहर के वसंत विहार क्षेत्र से एक छात्र के महत्वपूर्ण शैक्षणिक दस्तावेजों के गुम होने का मामला सामने आया है। छात्र के पिता ने इस संबंध में नानाखेड़ा थाने में विधिवत सूचना दर्ज कराई है और विश्वविद्यालय से डुप्लीकेट अंकसूची प्राप्त करने के लिए कानूनी प्रक्रिया के तहत शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वेदा हॉस्पिटल के पास वसंत विहार, नानाखेड़ा निवासी श्री रामेश्वर नारायण पाठक के 61 वर्षीय पुत्र डॉ. सुरेश पाठक ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया है कि उनका पुत्र अंशुल पाठक वर्तमान में आईआईएम इंदौर में अध्ययनरत है। इससे पूर्व अंशुल ने यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज, देहरादून से शैक्षणिक सत्र 2013 से 2017 के बीच बीटेक की पढ़ाई पूरी की थी। डॉ. पाठक के अनुसार, 5 अप्रैल 2026 को वे अपने पुत्र अंशुल के साथ अपने निवास स्थान से नानाखेड़ा बस स्टैंड जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में कहीं उनके पुत्र की हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी और बीटेक के सभी सेमेस्टर की मार्कशीट से भरा फोल्डर गिर गया। घटना के बाद उन्होंने काफी तलाश की, लेकिन दस्तावेजों का फोल्डर कहीं नहीं मिल सका। दस्तावेज गुम होने के बाद, छात्र को अपनी शैक्षणिक आवश्यकताओं के लिए प्रत्येक सेमेस्टर की डुप्लीकेट अंकसूची की आवश्यकता है। इस हेतु डॉ. सुरेश पाठक ने एक शपथ पत्र निष्पादित किया है। इस शपथ पत्र में उन्होंने स्पष्ट किया है कि गुम हुई मूल अंकसूचियों का उनके या उनके पुत्र द्वारा कहीं भी उपयोग नहीं किया गया है। साथ ही उन्होंने यह भी घोषणा की है कि भविष्य में यदि वे मूल दस्तावेज प्राप्त होते हैं, तो उन्हें विश्वविद्यालय में जमा करने के लिए वे तत्पर रहेंगे। डुप्लीकेट अंकसूची प्राप्त करने और पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई है।

# मल्लिकार्जुन खरगे पर टिप्पणी से आक्रोशः महिला कांग्रेस ने किया असम के मुख्यमंत्री का पुतला दहन

### प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी सेतिया के निर्देश पर हुआ प्रदर्शन, भाजपा को बताया दलित विरोधी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में शहर महिला कांग्रेस ने कड़ा ऐतराज जताया है। मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी सेतिया के निदेर्शानुसार, बड़ी संख्या में महिला कार्यकताओं ने गणेश चौक पर असम के मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शनकारी महिलाओं ने असम के मुख्यमंत्री की भाषा को बेहद निंदनीय और आपत्तिजनक बताया। पुतला दहन के दौरान आक्रोशित कार्यकताओं ने विरोध जताते हुए स्पष्ट कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से दलित विरोधी है।



गणेश चौक पर हुए इस उग्र प्रदर्शन में मुख्य रूप से पार्षद सपना साखला, पार्षद प्रेमलता रामी, महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष अंजु जाटवा, प्रदेश सचिव सबा कुरैशी, सह सचिव विजेता सोनी, नीलम विश्वास, पुष्पा राजपूत, सेराज बी, मोनिका गौड़, सीमा साहू, शहनाज, ममता गनावदिया, काजल, सावित्री बाई और कल्याणी बाई सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित थीं।

# नवकार दिवस पर हुए नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप

### जीतो उज्जैन का आयोजन नवकार महामंत्र के प्रति समाज की गहरी आस्था का प्रमाण बना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के राजेंद्र जैन सभा गृह में नवकार दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। चतुर्विध संघ के सानिध्य में नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप किया गया, जिससे संपूर्ण सभागार भक्तिमय हो उठा। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं की इतनी भारी भीड़ उमड़ी कि सभा गृह पूरी तरह खचाखच भर गया और बड़ी संख्या में लोगों को मैदान में खड़े रहकर कार्यक्रम में शामिल होना पड़ा। यह आयोजन नवकार महामंत्र के प्रति समाज की गहरी आस्था का प्रमाण बना।

कार्यक्रम में विधायक अनिल कालूहेड़ा, पूर्व मंत्री पारस जैन, मनीष कोठारी, डॉ. सतिंदर कौर सलूजा, रजत मेहता और डॉ. संजीव जैन सहित अनेक सामाजिक और धार्मिक क्षेत्रों के गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने उपस्थित जनसमूह को नवकार महामंत्र के सार्वभौमिक संदेश अर्थात शांति, समता और आत्मकल्याण को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

# उज्जैन में सरकारी गेहूं खरीदी शुरू, मंडी में तौल कांटों की पूजा कर हुआ शुभारंभ

### किसानों को उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए प्रदेश में 3627 खरीदी केंद्र स्थापित, 78 लाख मीट्रिक टन उपार्जन का लक्ष्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संकल्प के अनुरूप किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत सरकारी गेहूं खरीदी गुरुवार 9 अप्रैल से शुरू हो गई है। उज्जैन कृषि उपज मंडी प्रांगण में भाजपा नगर जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल के नेतृत्व में शासकीय गेहूं खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया गया।

किसान मोर्चा के नगर जिला अध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा ने तौल कांटों की विधिवत पूजा-अर्चना कर उपार्जन की शुरूआत की। इस अवसर पर अपनी उपज लेकर मंडी पहुंचे किसानों का पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में किसान मोर्चा के नगर महामंत्री नवीन यादव, पप्पू सिंह कीर, दिनेश कुंभकार, अशोक ठाकुर, संजय शर्मा और मंडी समिति प्रबंधक विमलेश जैन विशेष रूप से उपस्थित थे।

दिनेश विश्वकर्मा ने बताया कि पहले चरण में उज्जैन, इंदौर, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में खरीदी प्रारंभ की गई है। शेष स्थानों पर 10 अप्रैल से खरीदी की शुरूआत होगी। इस वर्ष किसानों को गेहूं का लाभकारी मूल्य प्रदान करने के लिए राज्य सरकार 40 रुपये का अतिरिक्त बोनस दे रही है, जिससे समर्थन मूल्य और बोनस मिलाकर किसानों को 2700 रुपये प्रति क्विंटल का भाव मिलेगा।

**छोटे और सीमांत किसानों को मिल रही प्राथमिकता–** प्रदेश भर में गेहूं उपार्जन के लिए 3627 केंद्र बनाए गए हैं। सरकार ने इस वर्ष 78 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया है। योजना के अंतर्गत पहले चरण में छोटे और सीमांत किसानों को उपज बेचने में प्राथमिकता दी जा रही है। प्रदेश में 19 लाख से अधिक किसानों ने अपनी उपज बेचने के लिए पंजीयन कराया है।

# रसायन शास्त्र में उज्ज्वल भविष्य की संभावनाएं: डॉ दिव्या वर्मा




### महाविद्यालय में अतिथि व्याख्यान का हुआ आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय उज्जैन में रसायनशास्त्र विभाग द्वारा करियर विकास में केमिस्ट्री का महत्व विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया इस अवसर पर रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ . दिव्या वर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए अपने व्याख्यान में बताया कि रसायन शास्त्र (केमिस्ट्री) हमारे दैनिक जीवन से लेकर करियर निर्माण तक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है एवं रसायनशास्त्र के क्षेत्र में करियर की अपार संभावनाएं हैं उन्होंने फार्मास्यूटिकल ,रिसर्च, शिक्षा , इंडस्ट्रीज तथा पर्यावरण विज्ञान जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों की जानकारी देते हुए बताया कि रसायन शास्त्र न केवल हमारे जीवन को सरल और सुरक्षित बनाता है, बल्कि विद्यार्थियों के लिए उज्ज्वल करियर के अनेक द्वार भी खोलता है।

इसके साथ ही उन्होंने छात्राओं को अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ वंदना गुप्ता ने की । महाविद्यालय की प्राचार्या ने विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने की सलाह देते हुए उन्हें अपने पैशन को प्रोफेशन में बदलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी अपने रुचि के क्षेत्र में निरंतर प्रयास करें, तो वे न केवल सफलता प्राप्त कर सकते हैं बल्कि एक सशक्त और संतुलित जीवन भी जी सकते हैं।

प्राचार्या ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आत्मविश्वास, मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।विभागाध्यक्ष मोनिका परमार ने अतिथि का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की एवं कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन किया गया तथा भविष्य में भी विद्यार्थियों के हित में ऐसे उपयोगी एवं मार्गदर्शनपरक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की बात कही गई, ताकि विद्यार्थियों को निरंतर नए अवसरों एवं ज्ञान से लाभान्वित किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे गए, जिनका विशेषज्ञ द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया। इस अवसर पर डॉ सरिता यादव, डॉ अरविंद शर्मा,डॉ अंजना जायसवाल ,डॉ मधुबाला राठौर ,डॉ मधु खंडेलवाल ,डॉ एकता दुबे ,डॉ भावना नागर एवं श्री अजय हाड़ा सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## पंचांग और मुहूर्त विचार पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला शुरू

# विशेषज्ञों ने दी पंचांग के पांच अंगों की जानकारी, कालगणना का प्राचीन केंद्र है उज्जैन

### रामानुजकोट पीठाधीश्वर ने कहा- सनातन धर्म में हर संस्कार मुहूर्त आधारित

उज्जैन। शासकीय संस्कृत महाविद्यालय में गुरुवार को 'पंचांग परिचय और मुहूर्त विचार' विषय पर केंद्रित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। यह आयोजन 11 अप्रैल तक चलेगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि रामानुजकोट के पीठाधीश्वर स्वामी रंगनाथाचार्य महाराज ने कहा कि उज्जयिनी प्राचीन समय से कालगणना का प्रमुख केंद्र रही है। सनातन धर्म में प्रत्येक संस्कार विशिष्ट मुहूर्त पर ही संपन्न किया जाता है। उन्होंने अपने संबोधन में वाल्मीकीय रामायण में उपलब्ध मुहूर्त संबंधी संदर्भों का भी उल्लेख किया।



प्राचार्य डॉ. सीमा शर्मा के मार्गदर्शन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, ज्योतिष विभाग, स्मृति विज्ञान अवंतिका शोध समिति और पूर्व छात्र परिषद के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है। तकनीकी सत्र में विषय विशेषज्ञ भविष्य शर्मा ने प्रतिभागियों को पंचांग के पांच अंगों– तिथि, वार, योग, करण और नक्षत्र की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने तिथि की वृद्धि और क्षय के गणितीय पक्ष को प्रयोगात्मक रूप से समझाया।

**धार्मिक कर्मकांड की वैज्ञानिकता पर डाला प्रकाश**

कार्यक्रम में सारस्वत अतिथि के रूप में उपस्थित धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग मध्यप्रदेश के उपसंचालक श्रेयस गोखले ने ज्योतिष के खगोलीय पक्ष और धार्मिक कर्मकांड की वैज्ञानिकता को रेखांकित किया। स्मृति विज्ञान अवंतिका शोध समिति के संस्थापक डॉ. गोपालकृष्ण शुक्ल ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सीमा शर्मा ने की।

## खबर एक नजर...

### महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर सकल पंच मेवाड़ा माली समाज निकालेगा विशाल वाहन रैली

**उज्जैन।** महान विचारक और समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जन्म जयंती के अवसर पर श्री सकल पंच मेवाडा माली समाज उज्जैन द्वारा 11 अप्रैल, शनिवार को एक विशाल वाहन रैली का आयोजन किया जा रहा है। रैली सुबह 9 बजे जयसिंहपुरा स्थित राधाकृष्ण माली मंदिर से प्रारंभ होगी।

यह वाहन रैली शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। रैली राधाकृष्ण मंदिर से शुरू होकर मंडी चौराहा, महाकाल लोक, गदा पुलिया, इंदौर गेट, दौलतगंज चौराहा, मालीपुरा, देवास गेट, चामुंडा माता चौराहा और कोयला फाटक होते हुए इंदिरा नगर चौराहा पहुंचेगी। यहां समाज जन महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। सकल पंच मेवाडा माली समाज के अनुसार, इस विशाल रैली में हजारों की संख्या में समाज जन सम्मिलित होंगे। वाहन रैली के समापन के पश्चात समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों, मेधावी छात्राओं और अखाड़ा संचालकों का विशेष रूप से सम्मान किया जाएगा।

# विद्युत आउटसोर्स कर्मचारियों की 8 सूत्रीय मांगों पर ऊर्जा मंत्री की सहमति, जल्द जारी होंगे आदेश

## भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में वल्लभ भवन में हुई बैठक

### नियमितीकरण, 20 लाख दुर्घटना बीमा और 3000 जोखिम भत्ते पर बनी बात

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



मध्य प्रदेश बाह्य स्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन और भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में ऊर्जा विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों की मांगों को लेकर भोपाल के वल्लभ भवन में ऊर्जा मंत्री के साथ एक अहम बैठक संपन्न हुई। 8 अप्रैल को हुई इस बैठक में कर्मचारियों की 8 सूत्रीय मांगों पर ऊर्जा मंत्री ने सहमति जता दी है। इन मांगों की समीक्षा कर जल्द ही शासन स्तर पर आदेश जारी किए जाएंगे।

भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर और ऊर्जा प्रभारी आशीष सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने ऊर्जा मंत्री के समक्ष आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याएं प्रमुखता से रखीं। जिस पर मंत्री द्वारा सकारात्मक रुख दिखाते हुए सभी बिंदुओं पर सहमति प्रदान की गई।

इन प्रमुख मांगों पर बनी सहमति

बैठक में जिन प्रमुख मांगों पर मंत्री द्वारा सहमति दी गई है, उनमें विभागीय परीक्षा के माध्यम से आउटसोर्स कर्मचारियों का नियमितीकरण, नियमित भर्ती प्रक्रिया में उन्हें 30 अंक का बोनस देना और सभी आउटसोर्स कर्मचारियों का जोखिम भत्ता बढ़ाकर 3000 रुपए करना मुख्य रूप से शामिल है। इसके अलावा, कर्मचारियों के अनुभव के आधार पर श्रेणीवार वेतन वृद्धि करने, सभी कंप्यूटर ऑपरेटरों को उच्च कुशल श्रेणी का वेतन देने तथा दुर्घटना में मृत्यु होने पर बीमा राशि 4.50 लाख रुपए से बढ़ाकर 20 लाख रुपए करने पर भी सहमति बनी है। साथ ही, राष्ट्रीय अवकाश एवं त्योहारों पर कार्य करने पर अतिरिक्त भुगतान देने और ड्यूटी के दौरान दुर्घटना होने या किसी बाहरी व्यक्ति द्वारा हमला किए जाने पर घायल कर्मचारी को तत्काल 10000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग को भी मान लिया गया है। वल्लभ भवन में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में मध्य प्रदेश बाह्य स्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शिवनारायण राजपूत, प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष सेन और कमल पटेल, प्रदेश सचिव राहुल मालवीय, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी करण चौहान, मंदसौर जिला अध्यक्ष प्रशांत राव और इंदौर जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह तोमर सहित अन्य पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के नवीन पदाधिकारियों की घोषणा

### राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ बैठक में संगठन की मजबूती और हिंदू समाज की एकता पर हुआ मंथन, सौंपे गए महत्वपूर्ण दायित्व

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के तत्वावधान में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। बैठक में संगठन के प्रमुख सदस्य और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर संगठन की मजबूती और विस्तार को ध्यान में रखते हुए विभिन्न पदों की घोषणा की गई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक करते हुए संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प दिलाया गया। बैठक में समाज हित, राष्ट्र सेवा और हिंदू समाज की एकता को सुदृढ़ करने पर विशेष चर्चा हुई। उपस्थित सभी सदस्यों ने संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई। इसमें विजय सिंह ठाकुर को सत्संग प्रमुख, रूप सिंह जाट को उपाध्यक्ष, जितेन्द्र परमार को मीडिया प्रभारी, राजेश राबल मोहननगर को महासचिव, जितेन्द्र पांचाल को जिला प्रभारी, राव साहब गांधी नगर को व्यवस्था प्रबंधन प्रमुख, विपिन खत्री को सूचना प्रमुख और नितिन जादोन को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसी तरह दीपक परिहार को संयोजक, गुड्डू भाई खिलचीपुर को सह संयोजक, पांडे को सह संयोजक, कैलाश को सह संयोजक, देवेन्द्र श्रीवास्तव को सह संयोजक, सतीश द्रोणावत को सह संयोजक, भोलाराम प्रजापत को सह सूचना प्रमुख, राजेश प्रजापत को धर्म प्रसार प्रमुख, रूपलाल मादावत को सलाहकार प्रमुख, रामचन्द्र एकल को बौद्धिक प्रमुख और आदित्य मालवीय को सदस्य का दायित्व सौंपा गया है।

# तारीख पे तारीख बंद करे सरकार, तुरंत खरीदें अनाज- राजानी

### मंदसौर मंडी में कांग्रेस का प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर



अन्नदाता की बदहाली और उपज की खरीदी में हो रही देरी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर मंदसौर कृषि उपज मंडी के बाहर आयोजित जिला स्तरीय धरने में अनेक किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता जुटे। इस दौरान भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई और किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की गई।

धरने को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस प्रभारी मनोज राजानी ने सीधे तौर पर सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के हितों की लगातार अनदेखी कर रही है। गेहूं की खरीदी के लिए सरकार केवल तारीखें बढ़ा रही है, जिससे किसान असमंजस में है। उन्होनें कहा कि ओलावृष्टि का मुआवजा और फसल बीमा की लंबित राशि किसानों का हक है, जिसे कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक लड़कर हासिल करेगी।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि आज जिले का किसान हताश और निराश है। समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू न होने के कारण किसान अपनी मेहनत की फसल को औने-पौने दामों में बेचने पर मजबूर है। आय दोगुनी करने का वादा आज महज एक ढोंग साबित हो रहा है। समय पर उपज न बिकने से किसान डिफाल्टर हो रहे हैं। गुर्जर ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल्द ही व्यवस्थाएं नहीं सुधरीं, तो कांग्रेस एक बड़ा जन आंदोलन छेड़ेगी।

विधायक विपिन जैन ने कहा कि जहां एक ओर भाजपा किसान कल्याण वर्ष मना रही है, वहीं मंडियों में किसानों के लिए पीने के पानी तक की सुविधा नहीं है। उन्होंने पड़ोसी राज्य राजस्थान का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू हो चुकी है, तो मध्यप्रदेश में देरी क्यों?

प्रदर्शन के अंत में किसानों की समस्याओं को लेकर राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल, पुष्पा भारती, प्रकाश रातड़िया, मनजीतसिंह टुटेजा, राजेश रघुवंशी, मुकेश पोरवाल, ओम सिंह भाटी, अजहर हयात मेव, कांतिलाल राठौर, दिलीप देवड़ा, डॉ. प्रीतिपाल सिंह राणा, लियाकत मेव, विजेश मालेचा, विकास दशोरा, अजीत जैन, इष्टा भाचावत,कमलेश पटेल, सुनील बसेर, दुर्गेश सिंह पटेल, सुरेन्द्र कुमावत,दीपक सिंह गुर्जर, तरुण खींची, अजय लोढ़ा, युनुस मेव, किशोर गोयल, रफत पयामी, राखी सत्रावाला, निर्विकार रातडिया, अंबालाल हिंगोरिया, सम्यक जैन आदि उपस्थित रहे।

### थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए 45 यूनिट रक्तदान

**उज्जैन।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विक्रम उद्योगपुरी स्थित इस्कॉन बालाजी फूड्स में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्त जुटाना था। इस पुनीत कार्य के तहत कुल 45 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसे जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक को सौंपा गया। इस रक्तदान शिविर के सफलतापूर्वक आयोजन में प्लांट हेड जगदीश हलवाई, एचआर उमेश पंड्या और ईएचएस ऑफिसर निहार व्यास की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर यतीश जाट और डॉ. संगीता गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

# वेद विद्या प्रतिष्ठान के सचिव विरूपाक्ष जड्डीपाल की नियुक्ति पर हाईकोर्ट का नोटिस

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर बेंच ने महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान के सचिव विरूपाक्ष जड्डीपाल की नियुक्ति को लेकर अहम आदेश जारी किया है। उच्च न्यायालय ने वेद शिक्षक श्री पाठक द्वारा दायर अधिकार पृच्छा रिट याचिका को स्वीकार करते हुए सचिव जड्डीपाल को नोटिस जारी कर छह सप्ताह में जवाब मांगा है।

याचिका के अनुसार, चयन समिति ने उचित चयन प्रक्रिया और दस्तावेजों के सत्यापन के बिना ही डॉ. विरूपाक्ष जड्डीपाल की नियुक्ति की सिफारिश की थी। उस समय वे तिरुपति स्थित राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठम नामक डीम्ड विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थे। केंद्र सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 28 जुलाई 2017 को जारी आदेश के तहत उन्हें उज्जैन स्थित प्रतिष्ठान में 5 वर्ष की अवधि या 60 वर्ष की आयु तक के लिए प्रतिनियुक्ति पर सचिव नियुक्त किया गया था। उन्होंने 7 अगस्त 2017 को कार्यभार ग्रहण किया, लेकिन प्रतिनियुक्ति के आदेश में कहीं भी यह उल्लेख नहीं था कि यह नियुक्ति जनहित में की गई है।

शिक्षा मंत्रालय के स्वायत्त निकाय द्वारा 29 अक्टूबर 2015 को जारी विज्ञापन के अनुसार, यह ग्रुप ए का पद था। इसके लिए केंद्र या राज्य सरकार, केंद्रीय विश्वविद्यालय या स्वायत्त निकायों के समान पद वाले अधिकारी ही प्रतिनियुक्ति के पात्र थे। इसके अलावा, केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर पद की योग्यता अनिवार्य थी। याचिकाकर्ता का तर्क है कि डॉ. जड्डीपाल आवेदन की अंतिम तिथि तक डीम्ड विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर थे, जो 2019 तक केंद्रीय विश्वविद्यालय नहीं बना था। इसलिए वे प्रारंभिक नियुक्ति के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करते थे। दोनों पदों के नियम अलग-अलग होने के कारण इसे समान पद नहीं माना जा सकता, जो कि 10 अक्टूबर 1989 के सरकारी निदेशों का स्पष्ट उल्लंघन है।

वर्ष 2022 में प्रारंभिक प्रतिनियुक्ति समाप्त होने के बाद भी डॉ. जड्डीपाल को उनके मूल संगठन वापस नहीं भेजा गया और वे बिना पूर्व स्वीकृति के पद पर अवैध रूप से बने रहे। बाद में 15 जून 2023 को मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने प्रतिष्ठान के ज्ञापन के नियम 19 के शब्दों में कथित हेरफेर करके 10 जुलाई 2024 को उनकी प्रतिनियुक्ति को अगले 5 वर्षों के लिए बढ़ा दिया। भारत सरकार के नियमों में प्रतिनियुक्ति को 7 वर्ष से अधिक बढ़ाने का कोई प्रावधान नहीं है/

# पंचकोशी यात्रियों के लिए शीतल जल मंदिर का शुभारंभ 11 अप्रैल को

### पूज्य श्री गोपालराव सोनोने सेवाश्रम द्वारा 22 वर्षों से निरंतर सेवा, आनंदेश्वर महादेव मंदिर पर होगा आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पूज्य श्री गोपालराव सोनोने सेवाश्रम के तत्वावधान में विगत 22 वर्षों से पंचकोशी यात्रियों को निरंतर सेवाएं दी जा रही हैं। इसी क्रम में 11 अप्रैल 2026 को प्रातः 11 बजे पंचकोशी यात्रियों के लिए शीतल जल मंदिर का शुभारंभ किया जाएगा। यह जल मंदिर आनंद नगर स्थित हीरा मिल के सामने आनंदेश्वर महादेव मंदिर पर स्थापित किया जाएगा।

मनोहर परमार ने बताया कि शीतल जल मंदिर का शुभारंभ मुख्य अतिथि व वरिष्ठ समाजसेवी अरविंद जैन, शोभा जोशी, वरिष्ठ समाजसेवी गोपाल बागरवाल और अजीत मंगलम सपत्नीक आनंदेश्वर महादेव का पूजन कर करेंगे। इस अवसर पर पूजन विधि पंडित संतोष शर्मा द्वारा संपन्न कराई जाएगी। संस्था के संस्थापक महेश सोनोने, संचालक प्रेम नारायण टाटावत, सुनीता सोनोने, सभी पदाधिकारी शिवनारायण जागीरदार, लीलाधर आड़तिया, महेंद्र रामी, गीता रामी पूर्व पार्षद ,अनिल लश्करी, पिंकी यादव, कविता राय, लक्ष्मी लश्करी, पारस कुमार जैन, धर्मेंद्र जैन और अशोक कपूर ने सभी महानुभावों और श्रद्धालुओं से समय पर उपस्थित होकर आनंदेश्वर महादेव के पूजन-अर्चन तथा पंचकोशी यात्रियों को जल वितरण में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है।

## खबर एक नजर...



### इंदौर के दंपति ने बचाई घायल बच्चों की जान, पुलिस ने किया सम्मानित

मन्दसौर। सड़क हादसे में घायलों की मदद करने के लिए शासन की राहवीर योजना का एक प्रेरक उदाहरण जिले के दलौदा में देखने को मिला है। यहाँ एक सड़क हादसे के बाद इंदौर के एक दंपति ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए चार मासूम बच्चों सहित 10 लोगों की जान बचाने में पुलिस की मदद की। जानकारी के अनुसार, बीती रात दलौदा थाना क्षेत्र के आक्या गाँव के पास एक स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई थी। इस हादसे में 6 बच्चे और 4 वयस्क गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उसी समय वहाँ से गुजर रहे इंदौर निवासी पंकज सिंह और उनकी पत्नी अंजू सिंह ने बिना देर किए घायलों की मदद शुरू की। अंजू सिंह ने घायल बच्चों को संभालते हुए पुलिस वाहन में बैठकर उन्हें समय पर अस्पताल पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दंपति की इस निस्वार्थ सेवा और उत्कृष्ट सहायता की सराहना करते हुए दलौदा थाना प्रभारी शुभम व्यास ने उन्हें थाना परिसर बुलाकर सम्मानित किया। पुलिस ने इस साहसी दंपति का नाम मध्य प्रदेश शासन की राहवीर योजना के तहत 25 हजार रुपये के पुरस्कार के लिए भेजा है।

### संयुक्त कर्मचारी संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर सीएमओ को दिया मांग पत्र

जावरा । नगर पालिका के संयुक्त कर्मचारी संघ द्वारा दो महापुर्व पांच सूत्रीय दिए गए मांग पत्र को पुनः सीएमओ चंद्रशेखर सोनीस को गुरुवार को दिया। अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत के प्रदेश महामंत्री पुखराज बिडवान ने बताया कि नगर पालिका में कार्यरत कर्मचारियों को प्रत्येक माह के दिनांक 1 से 10 के बीच चुंगी प्राप्त होने पर वेतन का भुगतान किया जाना चाहिए। वहीं विभिन्न विभागों में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को प्रति माह 29 दिवस के कार्य की सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर पारिश्रमिक भुगतान जारी किया जा रहा इंदौर नगर निगम की तर्ज पर यहां भी प्रतिमाह 29 दिवस के स्थान पर 89 -89 दिवस पश्चात नियमानुसार एक दिन का ब्रेक देकर भुगतान किया जावे । दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को 11 माह का एरियर की राशि का भुगतान चार किस्तों में किया जावे । नगर पालिका के विभिन्न विभागों में कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर कार्य व्यवस्था प्रभावित हो रही है। निकाय में 50 पुरुष एवं ५० महिला कर्मचारियों को कार्य पर रखने को कहा गया । इस मौके पर संदीप डूलगज, कपिल बिडवान ,लक्की फरकीया , वैभव राठौर, अलमास काजी ,जफर हुसैन, नंदलाल मोर्य , सलीम खान , गौरव राठौर आदि उपस्थित थे।

### डॉ. पांडेय लायंस डिस्ट्रिक्ट के रीजन चेयरमैन बने

जावरा। लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष एवं झोन चेयरमैन डॉक्टर शैलेंद्र पांडे को लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 1 के सत्र 26-27 के लिए रीजनचेयरमैन मनोनीत किया। डॉक्टर पांडे के रीजन चेयरमैन की घोषणा इंदौर स्थित मनमोहन मेहता ऑडिटोरियम में आयोजित कांफ्रेंस में निर्वाचित प्रांत पाल जयप्रकाश त्रिपाठी ने की। क्लब के सह सचिव संदीप रॉका ने बताया कि रीजन के अंतर्गत 16 क्लब रहेंगे। कॉन्फ्रेंस में पूर्व डायरेक्टर जितेंद्र सिंह चौहान ,कमलेश जैन ,कुलभूषण मित्तल, गवर्नर अनिल खंडेलवाल ,राम जाट, एवं डॉक्टर राजेंद्र सोडाणी आदि मौजूद थे। उल्लेखनीय डॉक्टर पांडे बोडिया कुआं हनुमान मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष, गीता भवन के ट्रस्टी एवं अखिल भारतीय आदित्य ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं ।

# विश्व शांति के लिए हजारों लोगों ने एक साथ किया नवकार महामंत्र का जाप



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

जैन इंटरनेशनल ट्रेड आगेनाईजेशन (जीतो) के रतलाम चैप्टर द्वारा आयोजित विश्व नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम में हजारों लोग जुटे। इस कार्यक्रम में प्रातः 8 से 9.36 बजे तक एक साथ विश्व शांति और बंधुत्व का भाव लेकर नवकार महामंत्र का जाप किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप रहे। जाप में उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, महामंत्री जयवंत कोठारी एवं भाजयुमो प्रदेश महामंत्री विप्लव जैन और मंडल रेल प्रबंधक अश्विनी कुमार भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में जीतो रतलाम चैप्टर के चेअरमेन इंदरमल जैन ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम संयोजक अशोक भाणावत ने विश्व नवकार महामंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विश्व के 120 देशों में एक साथ नवकार महामंत्र का जाप हो रहा है, जो जीतो रतलाम चैप्टर के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर जीतो रतलाम चैप्टर के संचालक मंडल की और से मुकेश जैन,जयंत जैन, निर्मल लुनिया महेंद्र बोथरा, अशोक बरमेचा,राजकमल जैन ने कार्यक्रम के लाभार्थी जीतो चेअरमेन इंदरमल जैन का बहुमान किया। कार्यक्रम के दौरान संगीता जैन द्वारा जैन भजनों की सुमधुर प्रस्तुतियां भी दी गई। समापन से पूर्व नवकारसी का आयोजन किया गया, इसमें बिबड़ौद सेवा मंडल ने सेवाएं दी। नवकार महामंत्र जाप में जीतो महिला विंग भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन चीफ सेक्रेटरी मुकेश जैन ने किया,

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

मन्दसौर। जिले के अफजलपुर थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार की मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपी ट्रेक्टर क्र. एमपी 14 जेडए 3936 के चालक के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा पलवई फंटे के पास सीतामऊ-मंदसौ रोड़ ग्राम पलवई में 3 अप्रैल की शाम को हुआ। जिसकी रिपोर्ट फरियादी अजय पिता रमेशचन्द्र पाटीदार निवासी रावटी ने की कि आरोपी ट्रेक्टर के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर उसके भाई संजय पाटीदार की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे उसे आई चोंटों की वजह से उसकी मृत्यु हो गई।

### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल भराव क्षमता का अमृत सरोवर पूर्ण

नीमच। जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 अंतर्गत मनरेगा अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों को पूर्ण करवाने के लक्ष्य के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अमन वैष्णव के नेतृत्व में जिले में जनपद पंचायत मनासा की ग्राम पंचायत मजेरिया में मनरेगा योजना से प्रगतिरत अमृत सरोवर तालाब का कार्य पूर्ण हुआ है ।

### 86 किलो डोडाचूरा के साथ आरोपी गिरफ्तार

मन्दसौर। जिले के शामगढ़ थाना पुलिस टीम ने घेराबंदी कर एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार से डोडाचूरा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर नाकाबंदी कर राजस्थान नंबर की एक स्विफ्ट कार को रोका। तलाशी लेने पर कार से 86 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा बरामद हुआ, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1 लाख 72 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मामले में आरोपी नरेंद्रसिंह उर्फ शंभूसिंह (36 वर्ष) निवासी ग्राम गुराड़िया जोगा, जिला झालावाड़ (राज.) को गिरफ्तार किया है।

## भारत विकास परिषद का शपथ ग्रहण समारोह 11 को

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

सेवा एवं संस्कार के उद्देश्य से कार्यरत भारत विकास परिषद की सुभाष शाखा (नीमच) द्वारा सत्र 2026-27 की नवीन कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण एवं सदस्य परिवारों का शपथ ग्रहण समारोह 11 अप्रैल, शनिवार को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम महू रोड स्थित मणिरत्नम रिसोर्ट में सायं 7.30 बजे से प्रारंभ होगा।

समारोह में राष्ट्रीय ओजस्वी वक्ता पं. मनोज कश्यप का पावन सानिध्य प्राप्त होगा। मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश मानव आयोग के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह उपस्थित रहेंगे, जबकि प्रांतीय सचिव विनोद काला शपथ अधिकारी की भूमिका निभाएंगे। प्रांतीय संरक्षक सुनील सिंहल एवं रीजनल गतिविधि संयोजक प्रदीप चौपड़ा का भी विशेष सानिध्य रहेगा।

कार्यक्रम में विधायक दिलीप सिंह परिहार, भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना खंडेलवाल, भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार, नगरपालिका अध्यक्ष स्वाती चौपड़ा, मण्डी व्यापारी संघ अध्यक्ष राकेश भारद्वाज एवं वैश्य महासम्मेलन के संभागीय अध्यक्ष संतोष चौपड़ा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे। सत्र 2026-27के लिए निर्वाचित नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष मनीष गर्ग, सचिव प्रमोद मालू, कोषाध्यक्ष अशोक सोनी, उपाध्यक्ष राकेश खंडेलवाल एवं सहसचिव महेश शर्मा, महिला प्रमुख संध्या राठी दायित्व संभालेंगे। साथ ही प्रांतीय कार्यसमिति, मार्गदर्शक मंडल एवं विभिन्न प्रकल्प संयोजकों की घोषणा भी की जाएगी। निवर्तमान अध्यक्ष ललित राठी सहित परिषद पदाधिकारियों ने सभी सदस्य परिवारों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की है।

### एल्डरमैनो का नगर परिषद में हुआ भव्य स्वागत

पिपलिया मंडी। नगर परिषद पिपलिया मंडी में वरिष्ठ पार्षद (एल्डरमैन) के रूप में चार अनुभवी चेहरों की नियुक्ति के बाद आज नगर में उत्साह का माहौल रहा। प्रदेश सरकार द्वारा मनोनीत किए गए भाजपा के वरिष्ठ नेताओं—श्री रूपचंद होतवानी, श्री ललित बंबोरिया, पूर्व पार्षद श्रीमती मुक्ति मनोहर काबरा एवं श्री हेमंत पाटीदार ने आज नगर परिषद कार्यालय पहुँचकर पदभार ग्रहण करने की प्रक्रिया के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## रणजीत सिंह ने धरना प्रदर्शन में किसानों को किया संबोधित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पिपलिया मंडी



9 अप्रैल को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने मंदसौर जिला प्रभारी मनोज राजानी एवं जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर तथा विधायक विपिन जैन की उपस्थिति में किसान एवं जन विरोधी नीतियों के विरोध में जिला स्तरीय विशाल धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ो किसानों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

आपने कहा कि गूंगी बहरी सरकार को जगाने हेतु सभी लोगों से निवेदन किया सरकार द्वारा गेहूं की खरीदी में देरी करने एवं किसानों को परेशान करने तथा किसानों से निश्चित समयावधि में ऋण जमा करने हेतु किसानो के ऊपर बनाए जा रहे दबाव और किसानों को डिफाल्टर घोषित करने जैसी विभिन्न समस्याओं को लेकर मंदसौर जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित विशाल धरना प्रदर्शन में सरकार के कान खड़े करने हेतु कुंवर शक्तावत ने दहाड़ लगाई। सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह सरकार किसान विरोधी सरकार है यह सरकार किसानों की हत्यारी सरकार है इस सरकार के हाथ किसानों के खुन से रंगे हुए हैं इस प्रकार के विचार व्यक्त करते हुए कुंवर शक्तावत ने सरकार से आग्रह किया की सरकार किसानों के फसलों के दाम निर्धारित करने एवं किसानों की फसलों को समयावधि में खरीदने का काम करें अन्यथा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने हेतु मध्य प्रदेश का हर एक कांग्रेस कार्यकर्ता तैयार है।

### नवकार महामंत्र के जाप में भाग लिया

पिपलिया मंडी - 9 अप्रैल गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नवकार महामंत्र के जाप प्रातः 8 बजकर 1 मिनट से 9 बजकर 36 मिनट तक पोरवाल धर्मशाला पिपलिया मंडी पर रखे गए जिसमें सकल जैन समाज के अलावा सर्व समाज के लोगों की भी भरपूर उपस्थिति रही इस अवसर पर श्री उपेन्द्र यशा श्री जी आदि ठाना ३ एवं साधुमार्गी जैन संघ से महासती श्री चारित्र प्रभा जी आदि ठाना ३ का भी पदार्पण हुआ/



## जल संरक्षण के लिये रैली निकाली, बनाई मानव श्रृंखला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

प्रकृति के संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों को जल संकट के खतरे से बचाने के उद्देश्य से सार्थक सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन-जागरूकता रैली निकाली गई जिसका शुभारंभ जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन ने हरी झंडी दिखाकर किया। गांधी चौराहा से निकली रैली में हाथों में जल संरक्षण की तख्तियां लिए सैकड़ों छात्र-छात्राओं और नागरिकों ने एक मानव श्रृंखला बनाई। इस माध्यम से शहरवासियों को न केवल जल की बूंद-बूंद सहेजने का संदेश दिया गया, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति से अपने घर में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने और अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान भी किया गया। इस अभियान में अ.भा. हिंदी साहित्य परिषद् तथा दशपुर जागृति संगठन सहित अन्य संगठनों ने भाग लिया। रैली के समापन पर जीव दया और प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण का संदेश देते हुए सहभागी बच्चों को मिट्टी के सकोरे वितरित किए गए। इस दौरान 15 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए कैनवास पर जल संकट के समाधान उकेरे। बच्चों द्वारा बनाई गई इन कलाकृतियों में न केवल जल बचाने की तड़प दिखी, बल्कि रूफ वाटर हार्वेस्टिंग जैसे आधुनिक तकनीकी समाधानों को भी बड़ी खूबसूरती से प्रदर्शित किया गया।




## प्रभास की फिल्म फौजी के सेट से फोटो लीक

### मेकर्स ने दी सख्त कार्रवाई की चेतावनी, बोले- शेयर करने वालों पर होगा लीगल एक्शन

प्रभास की आने वाली तेलुगू फिल्म 'फौजी' के सेट से कुछ तस्वीरें लीक हो गई हैं, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इसे देखते हुए फिल्म के मेकर्स ने नाराजगी जाहिर की है और लीक कंटेंट फैलाने वालों के खिलाफ सख्त चेतावनी जारी की है। प्रोडक्शन हाउस का कहना है कि जो भी इन तस्वीरों को सकुर्लेट करेगा, उसके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा।

लीक से फिल्म के अनुभव पर पड़ रहा बुरा असर फिल्म 'फौजी' के ऑफिशियल (ट्विटर) हैंडल से एक पोस्ट शेयर कर यूजर्स को आगाह किया गया है। मेकर्स ने लिखा, 'हमें पता चला है कि कुछ अकाउंट सेट से लीक हुई तस्वीरें फैला रहे हैं। प्लीज इसे एक सख्त चेतावनी समझें- ऐसे किसी भी कंटेंट को रिपोर्ट किया जाएगा और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ जरूरी कार्रवाई की जाएगी।' मेकर्स का मानना है कि इन लीक्स की वजह से उस 'सिनेमैटिक एक्सपीरियंस' पर बुरा असर पड़ता है, जिसे वे बड़ी सावधानी से तैयार कर रहे हैं। डायरेक्टर ने की अपील- जादू को खराब न करें फिल्म के डायरेक्टर हनु राघवपुडी ने भी सोशल मीडिया के जरिए प्रशंसकों से सहयोग मांगा है। उन्होंने ट्वीट किया, 'हमने फौजी में अपना दिल लगा दिया है ताकि दर्शकों को कुछ खास दे सकें। सभी से विनम्र निवेदन है कि प्लीज लीक के जरिए इसका जादू खराब न करें। आइए इसे उसी तरह अनुभव करें जैसे इसे होना चाहिए, यानी सिनेमाघरों में एक साथ।'

### एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना ने प्रेग्नेंसी की खबर साझा की

## पति वरुण बंगेरा के साथ खुशी जताई

एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना ने अपने फैंस को बड़ी खुशखबरी दी है। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी पहली प्रेग्नेंसी अनाउंस की है। उन्होंने अपने पति वरुण बंगेरा के साथ एक बेहद प्यारा पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने इस नए सफर को लिटल मिरैकल बताया। इस पोस्ट के साथ उन्होंने संकेत दिया कि उनके घर अगस्त 2026 में नन्हा मेहमान आने वाला है।

करिश्मा ने इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए फोटोशूट में अपनी प्रेग्नेंसी की झलक दिखाई। इस पोस्ट में कपल बेहद खुश नजर आ रहा है और उनके चेहरे पर पैरेंट्स बनने की एक्साइटमेंट साफ दिखती है। एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा है- ए लिटल मिरैकल इज ऑन द वे।

यह खबर सामने आते ही फैंस और सेलेब्स ने उन्हें बधाइयों से घेर लिया। इंडस्ट्री के कई सितारों ने कमेंट कर अपनी खुशी जाहिर की और इस नए सफर के लिए शुभकामनाएं दीं। करिश्मा और वरुण ने अब तक अपनी पर्सनल लाइफ को काफी प्राइवेट रखा है, ऐसे में यह अनाउंसमेंट उनके फैंस के लिए खास बन गया है।

**फैंस और सेलेब्स ने दी बधाइयां**






गौरतलब है कि करिश्मा तन्ना 42 साल की उम्र में पहली बार मां बनने जा रही हैं। आजकल 40 की उम्र के बाद प्रेग्नेंसी का ट्रेंड बढ़ रहा है, हालांकि इसे मेडिकल भाषा में एडवांस्ड मैटरनल एज माना जाता है। डॉक्टरों के मुताबिक सही देखभाल और मेडिकल सपोर्ट के साथ इस उम्र में भी सुरक्षित प्रेग्नेंसी संभव है।

करिश्मा और वरुण ने साल 2022 में शादी की थी और अब शादी के करीब चार साल बाद दोनों अपने पहले बच्चे का स्वागत करने जा रहे हैं। यह उनके जीवन का एक नया और खास पड़ाव है, जिसे लेकर दोनों बेहद उत्साहित हैं।

फिलहाल करिश्मा इस फेज को एंजॉय कर रही हैं और अपने परिवार के साथ समय बिता रही हैं। उनके फैंस अब अगस्त 2026 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जब यह कपल अपने पहले बच्चे का स्वागत करेगा।



## धुरंधर की स्क्रिप्ट चोरी मामले में आदित्य को राहत

### बॉम्बे हाईकोर्ट ने 16 अप्रैल तक संतोष कुमार को आरोपों को दोहराने से रोका

बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को फिल्ममेकर संतोष कुमार के खिलाफ एक अंतरिम आदेश पारित किया है। इस आदेश के तहत उन्हें फिल्म धुरंधर और इसके सीक्वल धुरंधरः द रिवेंज की स्क्रिप्ट चोरी के आरोपों को दोहराने या फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर के खिलाफ कोई भी मानहानिकारक बयान देने से अस्थायी रूप से रोक दिया गया है।

न्यायमूर्ति आरिफ एस. डॉक्टर की बेंच ने यह फैसला आदित्य धर द्वारा दायर मानहानि के मुकदमे की सुनवाई के दौरान सुनाया।

**16 अप्रैल तक आदेश लागू रहेगा-** बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, कोर्ट ने कहा कि संतोष कुमार को नोटिस दिया गया था, लेकिन उनकी ओर से कोई पेश नहीं हुआ। आदेश में कहा गया कि अगली सुनवाई तक कुमार इस तरह के शब्दों को दोहराने से परहेज करें। यह आदेश केवल संतोष कुमार पर लागू रहेगा और 16 अप्रैल तक प्रभावी रहेगा, जब मामले की अगली सुनवाई होगी।

बता दें कि एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके संतोष कुमार ने दावा किया था कि फिल्म धुरंधर और धुरंधर 2 की कहानी उनकी साल 2023 में रजिस्टर्ड स्क्रिप्ट 'डी साहेब' से चुराई गई है।

**जवाब न मिलने पर कोर्ट पहुंचे आदित्य धर-** आरोपों के बाद आदित्य धर ने कुमार को लीगल नोटिस भेजा, जिसमें इन आरोपों से इनकार किया गया और आगे ऐसी टिप्पणी न करने की चेतावनी दी गई। फिर नोटिस का जवाब नहीं मिलने पर धर ने हाईकोर्ट का रुख किया और बयानबाजी पर रोक तथा हजार्ने की मांग की। उनके वकील बीरेंद्र सराफ ने कोर्ट में कहा कि कुमार के बयान मानहानिकारक और इमेज को नुकसान पहुंचाने वाले हैं। वहीं, सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि कथित मानहानिकारक टिप्पणियां व्यापक रूप से शेयर की गई थीं। इसके आधार पर अदालत ने सीमित अंतरिम राहत देने का फैसला लिया।


## पंजाबी सिंगर सुनंदा के बोल्ड ठुमके, लॉलीपॉप लागेलु गीत पर जमकर नाचीं

पंजाबी सिंगर सुनंदा शर्मा के गाजियाबाद शो के बाद अब बरेली शो भी विवादों से घिर गया है। शो यहां हुए स्टूडेंट्स के हंगामे और सुनंदा के बोल्ड ठुमकों को लेकर चर्चा में आ गया है। रविवार 5 अप्रैल की रात बरेली की फ्यूचर यूनिवर्सिटी में आयोजित फ्यूचर फिएस्टा के दौरान उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई जब सुनंदा के एक डांस परफॉरमेंस के दौरान भीड़ पूरी तरह बेकाबू हो गई।

सुनंदा ने यहां पर भोजपुरी गीत लॉलीपॉप पर बोल्ड ठुमके लगाए जिससे युवक बेकाबू हो गए। युवकों ने वेरिकेड तोड़ दिए। भीड़ को काबू करने के लिए यूपी पुलिस को उतरना पड़ा। सुनंदा ने स्टेज पर झुमका गिरा रे बरेली के बाजार में सहित हिंदी गीतों पर भी डांस किया।

इसके साथ ही अपने पंजाबी हिट सांग मेरी मम्मी नूं पसंद भी सुनाया। शो में तब रोमांच अपने चरम पर पहुंच गया जब सुनंदा ने अपने हिट पंजाबी गानों के बीच अचानक मशहूर भोजपुरी ट्रैक लॉलीपॉप लागेलु पर परफॉर्म करना शुरू कर दिया।

**फैंस हुए बेकाबू, पुलिस को करना पड़ा लाठीचार्ज**







**पंजाबी कुड़ी पर लगा भोजपुरी अवतार का टैग-** शो का सबसे रोमांचिक पल सुनंदा के भोजपुरी गीत लॉलीपॉप लागेलु पर लगाए गए बोल्ड ठुमके रहे। युवाओं ने इस दौरान भीड़ से अपने हाथों से सुनंदा के लिए दिल के आकार बनाए। कुछ युवा पोस्टर लेकर पहुंचे जिस पर लिखा था कि मैं आपके लिए झुमके लेकर आया हूं। इस दौरान पंजाबी सिंगर ने फैंस के साथ मुलाकात भी की और सेल्फी ली। रोमांच अपने चरम पर पहुंच गया जब सुनंदा ने अपने हिट पंजाबी गानों के बीच अचानक मशहूर भोजपुरी ट्रैक लॉलीपॉप लागेलु पर परफॉर्म करना शुरू कर दिया। पंजाब की देसी स्टार को भोजपुरी धुन पर ठुमके लगाते देख छात्र दीवाने हो गए। सोशल मीडिया पर उनके इस डांस के वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। भोजपुरी गीत पर ठुमकों के बाद सुनंदा पर बिहार के अवतार का टैग लग रहा है।

- **टूटे बैरिकेड्स, पुलिस को करना पड़ा बल प्रयोग-** जैसे ही सुनंदा ने स्टेज पर अपना जलवा बिखेरा, लगभग 10 हजार से अधिक प्रशंसकों की भीड़ स्टेज के करीब पहुंचने के लिए सुरक्षा घेरा तोड़ बैठी। बैरिकेडिंग गिरने और अफरा-तफरी मचने के कारण सुरक्षाकर्मियों के हाथ-पांव फूल गए। स्थिति को बिगड़ता देख स्थानीय पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा।
- **गाजियाबाद में स्टेज पर फैन के अचानक आने से चीख मारीः** गाजियाबाद के राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आयोजित शो के दौरान एक बड़ी सुरक्षा चूक हुई। जब सुनंदा परफॉर्म कर रही थीं, तब एक छात्र अचानक बैरिकेड्स फांदकर स्टेज पर चढ़ गया और उनके पैर छूने की कोशिश करने लगा। इस अचानक हुई घटना से सुनंदा इतनी डर गईं कि वे जोर से चिल्लाईं और तुरंत स्टेज छोड़कर चली गईं। इसके बाद शो को बीच में ही रद्द करना पड़ा। हालांकि, बाद में सुनंदा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो जारी कर बताया कि वे डर गई थीं, लेकिन उन्हें पता है कि उस छात्र की मंशा गलत नहीं थी, बल्कि वह प्यार जताने का एक गलत तरीका था। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन से छात्र को माफ करने की अपील भी की।
- **मेरठ शो में छात्रों के 2 गुटों में हो गई झड़प-** मेरठ की सुभारती यूनिवर्सिटी में आयोजित वार्षिक उत्सव स्पार्क-2026 के दौरान माहौल तब बिगड़ गया जब स्टेज के करीब बैठने और खड़े होने को लेकर छात्रों के दो समूहों में बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते यह बहस मारपीट में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, छात्रों के बीच जमकर लात-घूंसे चले और इस धक्का-मुक्की में कई छात्रों के कपड़े तक फट गए। स्थिति इतनी गंभीर हो गई थी कि सुरक्षाकर्मियों को बीच-बचाव करना पड़ा और शो को कुछ समय के लिए रोकना पड़ा। पुलिस ने इस मामले में संज्ञान लिया और कई घायल छात्रों को प्राथमिक उपचार की जरूरत पड़ी। बरेली में बोल्ड ठुमके, बेकाबू भीड़ पर पुलिस का बल प्रयोगः बरेली की फ्यूचर यूनिवर्सिटी में फ्यूचर फिएस्टा के दौरान करीब 10,000 से ज्यादा लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। जैसे ही सुनंदा ने 'लॉलीपॉप लागेलु' और अपने अन्य हिट गानों पर परफॉर्म करना शुरू किया, प्रशंसक जोश में आकर बैरिकेड्स तोड़ने लगे। भीड़ के स्टेज की ओर बढ़ने से भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। भीड़ को नियंत्रित करने और किसी बड़ी अनहोनी को रोकने के लिए वहां तैनात पुलिस बल को हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा। पुलिस की इस कार्रवाई से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मची, लेकिन बाद में स्थिति को काबू में कर लिया गया और शो को किसी तरह पूरा किया गया।

## लखनऊ की आईपीएल में लगातार दूसरी जीत, कोलकाता हारी

# मुकुल ने हेलिकॉप्टर शॉट पर सिक्स लगाया

### मुकुल ने 27 बॉल पर नाबाद 54 रन बनाकर जिताया आयुष बडोनी की फिफ्टी

### दिग्वेश के कैच पर विवाद एलन आउट, पंत-पूरन स्लोअर बाउंसर पर आउट



ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल 2026 के 15वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को 3 विकेट से हराया। ईडन गार्डन्स में कई रोमांचक पल देखने को मिले। मुकुल चौधरी ने हेलिकॉप्टर शॉट पर सिक्स लगाया। दिग्वेश राठी के बाउंड्री कैच पर विवाद हुआ। वहीं स्लोअर बाउंसर पर ऋषभ पंत और निकोलस पूरन आउट हुए।

- **दिग्वेश के कैच पर विवाद, एलन आउट-** लखनऊ के प्रिंस यादव ने अपने पहले ओवर में फिन एलन को आउट किया। 137.6 किमी/घंटा की बैक ऑफ लेंथ गेंद पर एलन ने बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले का ऊपरी किनारा लेकर थर्ड मैन की ओर गई। बाउंड्री लाइन के पास दिग्वेश सिंह राठी ने कैच पकड़ा। एलन 8 गेंदों में 9 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें 2 चौके शामिल थे। हालांकि, इस विकेट पर विवाद हुआ। रिप्ले में दिग्वेश का पैर बाउंड्री के करीब नजर आया, लेकिन फील्ड अंपायर ने कैच को वैध मानते हुए एलन को आउट दिया।
- **रहाणे का बल्ला छूटा, फिर भी लगा सिक्स-** आठवें ओवर की पहली गेंद पर अजिंक्य रहाणे ने सिक्स लगाया। आवेश खान की ऑफ स्टंप के बाहर गेंद पर रहाणे ने कट लगाने की कोशिश की, लेकिन शॉट खेलते वक्त उनके हाथ से बल्ला छूटकर स्क्वेयर लेग की ओर उड़ गया। इसके बावजूद गेंद बल्ले से कनेक्ट होकर डीप बैकवर्ड पॉइंट के ऊपर से सिक्स के लिए गई।
- **शमी के डाइविंग कैच से रहाणे आउट-** 10वें ओवर में दिग्वेश सिंह राठी ने अजिंक्य रहाणे को आउट किया। ऑफ स्टंप के बाहर शॉर्ट गेंद पर रहाणे ने लेग साइड में शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन शॉट टाइम नहीं हुआ और गेंद मिडविकेट की ओर गई। यहां मोहम्मद शमी ने आगे डाइव लगाकर शानदार लो कैच पकड़ा। कैच को लेकर थर्ड अंपायर ने जांच की, लेकिन रिप्ले में साफ दिखा कि गेंद सीधे शमी के हाथों में गई और उनकी उंगलियां गेंद के नीचे थीं। रहाणे 24 गेंदों में 41 रन बनाकर आउट हुए।
- **मार्श के चौके से चेज की शुरूआत-** 181 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही लखनऊ के मिचेल मार्श ने चौके से शुरूआत की। इम्पैक्ट प्लेयर वैभव अरोरा की पहली गेंद पर मार्श ने बैकफुट पर जाकर कट शॉट खेला और गेंद पॉइंट के पार बाउंड्री तक पहुंची।
- **वैभव ने एक ओवर में दो विकेट लिए-** 5वें ओवर की पहली बॉल पर वैभव अरोरा ने ऐडन मार्करम को रोवमन पॉवेल के हाथों कैच कराया। मार्करम 15 बॉल पर 22 रन बनाकर आउट हुए। वैभव ने तीसरी बॉल पर मिचेल मार्श को विकेटकीपर अंगकृष रघुवंशी के हाथों कैच कराया। मार्श 15 रन ही बना सके। वैभव ने स्टंप पर बॉल डाली, जो बल्ले से लगकर विकेटकीपर के दस्तानों में गई।
- **स्लोअर बाउंसर पर पंत-पूरन आउट-** कोलकाता के गेंदबाजों ने शॉर्ट गेंदों से लखनऊ के मिडिल ऑर्डर को झटका दिया। 8वें ओवर में कैमरन ग्रीन ने ऋषभ पंत को पवेलियन भेजा। अतिरिक्त उछाल वाली गेंद पर पंत पुल शॉट के लिए तैयार नहीं थे, गेंद बल्ले का ऊपरी किनारा लेकर शॉर्ट फाइन लेग की ओर गई, जहां कार्तिक त्यागी ने कैच लपका। इसके बाद 11वें ओवर में कार्तिक त्यागी ने निकोलस पूरन को भी शॉर्ट गेंद पर फंसा लिया। पूरन ने पुल खेलने की कोशिश में टॉप एज दिया। लॉन्ग ऑन पर खड़े रमनदीप सिंह ने कैच पकड़ा। पूरन 15 गेंदों में 13 रन बनाकर आउट हुए।
- **बडोनी की सिक्स से फिफ्टी, अगली गेंद पर आउट-** 15वें ओवर में आयुष बडोनी ने सिक्स लगाकर अर्धशतक पूरा किया। अनुकूल रॉय की फुलटॉस गेंद पर बडोनी ने आगे बढ़कर शॉट खेला और वाइड लॉन्ग ऑन के ऊपर से सिक्स जड़ा। हालांकि, अगली गेंद पर अनुकूल रॉय ने वापसी करते हुए बडोनी को पवेलियन भेज दिया। बडोनी ने बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद सीधे रिंकू सिंह के हाथों में गई।
- **मुकुल ने हेलिकॉप्टर शॉट पर सिक्स लगाया-** 16वें ओवर में मुकुल चौधरी ने हेलिकॉप्टर शॉट खेलते हुए सिक्स लगाया। वैभव अरोड़ा की फुल लेंथ गेंद, जो लेग स्टंप के बाहर थी, उस पर मुकुल ने कलाईयों का इस्तेमाल करते हुए शॉट खेला और गेंद लॉन्ग ऑन के ऊपर से बाउंड्री के पार पहुंची।
- **मुकुल की सिक्स से फिफ्टी-** 19वें ओवर की पांचवीं गेंद पर मुकुल चौधरी ने सिक्स लगाकर अर्धशतक पूरा किया। वैभव अरोड़ा की फुल और ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद पर मुकुल ने क्रीज में जगह बनाकर शॉट खेला और गेंद स्वीपर कवर के ऊपर से सिक्स के लिए भेजी।

## आईपीएल में आज आरआर-आरसबी

### दोनों टीमें अब तक नहीं हारीं राजस्थान टेबल में टॉप पर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जोहान्सबर्ग

आईपीएल का 16वां मुकाबला आज राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा। सीजन की दो सबसे बेहतरीन फॉर्म वाली टीमें गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में शाम 7:30 बजे भिड़ेंगी। जबकि टॉस 7:00 बजे होगा। राजस्थान अपने शुरूआती तीन मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल में सबसे ऊपर है। टीम को चेन्नई सुपर किंग्स, गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के खिलाफ मिली हैं। वहीं दूसरी ओर, रॉयल चैलेंजर्स ने भी सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लगातार दो जीत हासिल की हैं।

**हेड टु हेड में बेंगलुरु आगे-** आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच अब तक कुल 34 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 17 मैच फ्ळ्इ ने जीते हैं, जबकि फ्फ्र को 14 मुकाबलों में जीत मिली है। वहीं, 3 मैचों का कोई नतीजा नहीं निकला है। वहीं, बरसापारा स्टेडियम में दोनों टीमें पहली बार आमने-सामने होंगी।

**राजस्थान की बॉलिंग-बैटिंग दोनों मजबूत-** राजस्थान रॉयल्स इस सीजन शानदार फॉर्म में नजर आ रही है। टीम ने अब तक अपने तीनों मुकाबलों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और पॉइंट्स टेबल में टॉप पोजिशन पर बनी हुई है। राजस्थान की बल्लेबाजी इस सीजन काफी मजबूत दिखी है। टॉप ऑर्डर लगातार टीम को अच्छी शुरूआत दे रहा है, जबकि मिडिल ऑर्डर भी जिम्मेदारी निभाते हुए बड़े स्कोर खड़ा करने में सफल रहा है। टीम का अप्रोच आक्रामक रहा है। गेंदबाजी में भी टीम संतुलित नजर आई है। टीम में नई गेंद से बॉलिंग करने वाले गेंदबाज वर्ल्ड क्लास हैं।













### पश्चिम एशिया संकट से

## उपजी आर्थिक अनिश्चितता



ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

पश्चिम एशिया संकट से उपजी वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण मार्च के आंकड़ों में देश के वस्तु निर्यात में सात से आठ फीसदी की गिरावट आ सकती है। वहीं, 2025-26 में दो से तीन फीसदी की गिरावट की आशंका है। सरकार मार्च महीने के निर्यात के आंकड़े 15 अप्रैल को जारी करेगी।

**फियो के अध्यक्ष बोले- निर्यात बुरी तरह प्रभावित-** भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा, अमेरिका और इस्राइल के 28 फरवरी को ईरान पर किए गए संयुक्त हमले ने पश्चिम एशिया को होने वाले देश के निर्यात को बुरी तरह प्रभावित किया है। इससे माल भाड़ा, हवाई परिवहन लागत और बीमा लागत बढ़ गई है। उन्होंने कहा, पश्चिम एशिया के देशों से तेल एवं गैस की आवाजाही में रुकावट के कारण इस्पात, प्लास्टिक और रबड़ जैसे कच्चे माल की कीमतों में भी वृद्धि हुई है। रल्हन ने कहा, वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर देखें तो भारत के कुल निर्यात में पांच से छह फीसदी की बढ़ोतरी होने की संभावना है।

मौजूदा संकट के बीच फियो अध्यक्ष ने सुझाव दिया कि सरकार को उच्च ब्याज दर, एडवांस ऑथोराइजेशन यानी शुल्क छूट योजना के तहत भुगतान को सरल बनाने पर ध्यान देना चाहिए।?इसके अलावा, विदेश व्यापार महानिदेशालय और सीमा शुल्क के बीच नाम, वर्गीकरण एवं कोडिंग प्रणाली के मामले में सामंजस्य स्थापित करने जैसे मुद्दों पर भी फोकस करना चाहिए।

### बुकिंग के नियम बदले, प्रवासी मजदूरों को राहत

# दोगुना किया पांच किलो सिलिंडर का कोटा

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देश भर के विभिन्न राज्यों में प्रवासी मजदूरों को एक बड़ी राहत देते हुए 5 किलो वाले 'फ्री ट्रेड एलपीजी' (एफटीएल) गैस सिलिंडरों का दैनिक आवंटन (कोटा) दोगुना करने का फैसला किया है। मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के बीच सरकार यह सुनिश्चित करने का हर संभव प्रयास कर रही है कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे। पेट्रोलियम मंत्रालय के इस अहम नीतिगत फैसले से शहरों में काम करने वाले लाखों श्रमिकों को सीधा फायदा मिलेगा।

**कोटे में बढ़ोतरी और वितरण का नया ढांचा-** पेट्रोलियम मंत्रालय की एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, सिलिंडर का यह बढ़ा हुआ आवंटन प्रवासी श्रमिकों को प्रदान की जाने वाली औसत दैनिक आपूर्ति पर आधारित होगा। यह संशोधित नया आवंटन सरकार द्वारा मार्च में घोषित की गई 20 प्रतिशत की पिछली सीमा के पार चला गया है।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि ये अतिरिक्त पांच किलो वाले एफटीएल सिलिंडर सीधे राज्य सरकारों और उनके खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभागों को सौंपे जाएंगे। इन सिलेंडरों का वितरण तेल विपणन कंपनियों की सहायता से विशेष रूप से केवल प्रवासी मजदूरों के लिए ही किया जाएगा, ताकि लक्षित वर्ग तक इसका लाभ पहुंच सके।

### डिजिटल भुगतान को बढ़ावा और आपूर्ति का हाल

सरकार ने आम नागरिकों को सलाह दी है कि वे एलपीजी बुकिंग के लिए डिजिटल माध्यमों का ही उपयोग करें और जब तक बहुत जरूरी न हो, डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाने से बचें। साथ ही, लोगों से अपील की गई है कि वे घबराहट में जरूरत से ज्यादा खरीदारी न करें और सूचनाओं के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें।

प्रवासी श्रमिकों को आश्वस्त करते हुए सरकार ने कहा है कि उनकी एलपीजी आपूर्ति में कोई व्यवधान नहीं है। ताजा आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, हाल ही में लगभग 51 लाख घरेलू एलपीजी सिलिंडरों की डिलीवरी की गई है। इस दौरान ऑनलाइन बुकिंग का आंकड़ा उछलकर 95 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इसके अलावा, गैस की कालाबाजारी या हेराफेरी रोकने के लिए 'डिलीवरी ऑथेंटिकेशन-आधारित' वितरण प्रणाली का सख्ती से पालन किया जा रहा है।



### बुकिंग के नए नियम और ऊर्जा प्रबंधन

एलपीजी की मांग को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए सरकार ने मांग और आपूर्ति से जुड़े कई कड़े और महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं:

- रिफाइनरी आउटपुटः मांग पूरी करने के लिए रिफाइनरियों का उत्पादन बढ़ाया जा रहा है।
- बुकिंग अंतराल में बदलावः गैस बुकिंग का समय बढ़ाकर शहरी क्षेत्रों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन तक कर दिया गया है।
- वैकल्पिक ईंधन की व्यवस्थाः एलपीजी पर से दबाव कम करने के लिए मिट्टी का तेल और कोयले जैसे वैकल्पिक ईंधनों को भी उपलब्ध कराया गया है।
- पीएनजी का विस्तारः सभी राज्यों को पीएनजी कनेक्शन का नेटवर्क तेज गति से विस्तारित करने की सलाह दी गई है।
- सरकार ने साफ किया है कि इन सबके बीच घरेलू एलपीजी और पीएनजी आपूर्ति के साथ-साथ अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों जैसे अति-महत्वपूर्ण क्षेत्रों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

### 60% आयात निर्भरता के बावजूद

## घरेलू एलपीजी आपूर्ति 100% सुरक्षित




ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

सरकार ने दावा किया है कि पश्चिम एशिया संकट के बीच भारत सरकार ने 60% आयात निर्भरता के बावजूद घरेलू एलपीजी आपूर्ति 100% सुरक्षित की है। पेट्रोलियम, विदेश और जहाजरानी मंत्रालय की ओर से अंतर मंत्रालयी प्रेसवार्ता के दौरान क्या बताया गया? जानने के लिए पढ़ें पूरी खबर।

पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं को हिलाकर रख दिया है। हालांकि, इस भारी संकट के बीच भारत के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने फिर एक बार साफ तौर पर कहा है कि वर्तमान भू-राजनीतिक हालात के कारण एलपीजी आपूर्ति प्रभावित जरूर हुई है, लेकिन सरकार ने आम उपभोक्ताओं की रसोई को इससे पूरी तरह सुरक्षित रखा है। देश की 60 प्रतिशत एलपीजी जरूरतें आयात से पूरी होने के बावजूद, घरेलू उपयोग के लिए 100 प्रतिशत गैस आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में किसी भी एलपीजी वितरक के पास गैस की कमी की कोई सूचना नहीं है। केवल एक दिन में ही 51 लाख से अधिक घरों में एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी की गई है। डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की सफलता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि एलपीजी की ऑनलाइन बुकिंग 98 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जबकि 92 प्रतिशत डिलीवरी ओटीपी के माध्यम से हो रही है। शर्मा के मुताबिक, कमर्शियल एलपीजी पर कुछ असर पड़ा था, लेकिन इसे भी अब लगभग 70 प्रतिशत तक बहाल कर दिया गया है। इसके साथ ही फार्मास्यूटिकल्स, कृषि, फूड, पैकेजिंग और पेंट्स जैसे महत्वपूर्ण सेक्टर्स के लिए बल्क नॉन-डोमेस्टिक एलपीजी की आपूर्ति भी सामान्य कर दी गई है।

### होर्मुज से गुजरने के लिए लेवी पर कोई बातचीत नहीं

# सरकार बोली- सुरक्षित हैं एलपीजी लाने वाले जहाज

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारत सरकार ने होर्मुज से गुजरने के लिए ईरान के साथ किसी भी तरह की लेवी पर बातचीत की खबरों को निराधार बताया है। जानें एलपीजी सप्लाई, जहाजों की सुरक्षा और घरेलू गैस वितरण पर सरकार के ताजा अपडेट को विस्तार से पढ़ें।

भारत सरकार ने सोमवार को उन मीडिया रिपोर्ट्स का सिरे से खंडन किया, जिनमें दावा किया जा रहा था कि होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए ट्रांजिट लेवी लगाने के विषय पर भारत और ईरान के बीच बातचीत हो रही है। सरकार ने इन दावों को पूरी तरह निराधार और आधारहीन बताते हुए कहा कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच ऊर्जा आपूर्ति से जुड़ी अहम जानकारी साझा की।

**समुद्री मार्गों की सुरक्षा और जहाजों की आवाजाही-** नौवहन मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने स्थिति साफ करते हुए कहा कि ट्रांजिट लेवी के विषय पर ईरान के साथ भारत की कोई बातचीत नहीं हुई है। क्षेत्र में बढ़े हुए भू-राजनीतिक तनाव के बीच चिंताओं को दूर करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसे किसी घटनाक्रम की जानकारी नहीं है।




व्यापारिक जहाजों की स्थिति पर अपडेट देते हुए मंगल ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिम में मौजूद 16 भारतीय जहाजों की कड़ी निगरानी (ट्रैकिंग) की जा रही है। ऊर्जा आपूर्ति की निरंतरता को पुख्ता करते हुए उन्होंने बताया कि एलपीजी ले जाने वाले दो महत्वपूर्ण जहाज- 'ग्रीन संघवी' और 'ग्रीन आशा'- इस बेहद अहम और संवेदनशील समुद्री मार्ग को सुरक्षित रूप से पार कर चुके हैं। 'ग्रीन संघवी' 46,500 टन और 'ग्रीन आशा' 15,500 टन एलपीजी लेकर आ रहे हैं, जिनके क्रमशः 7 अप्रैल और 9 अप्रैल को भारत पहुंचने की उम्मीद है।

**एलपीजी और घरेलू गैस वितरण का क्या है हाल-** ऊर्जा के मोर्चे पर स्थिति का आकलन करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि एलपीजी के आयात में थोड़ी गिरावट देखी गई है, जबकि घरेलू उत्पादन भी सीमित स्तर पर है। हालांकि, उन्होंने आश्वस्त किया कि इस कमी को पाटने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### भू-राजनीतिक संकट और भारतीयों की वापसी

बाजार की मांग को पूरा करने के लिए सरकार ने जो नीतिगत कदम उठाए हैं, वे इस प्रकार हैं:

- अमेरिका जैसे देशों से आयात लगातार जारी है, जो मुख्य रूप से व्यावसायिक विचारों से प्रेरित है।
- उर्वरक संयंत्रों को दी जाने वाली गैस की आपूर्ति बढ़ाकर 90 प्रतिशत कर दी गई है।
- देश भर में मांग को सुचारू रखने के लिए सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स को 10 प्रतिशत अतिरिक्त गैस का आवंटन किया जा रहा है।
- इस बीच, पश्चिम एशिया के मौजूदा संकट का असर लोगों की आवाजाही पर भी पड़ा है। विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (खाड़ी) असीम आर. महाजन ने बताया कि इस क्षेत्र में तेजी से बदलती भू-राजनीतिक स्थिति के कारण 28 फरवरी से अब तक लगभग 7.3 लाख भारतीय स्वदेश लौट चुके हैं। यात्रियों की सुरक्षित और सुगम आवाजाही की सुविधा के लिए सोमवार को कतर एयरवेज भारत के लिए आठ से 10 उड़ानों का संचालन कर रहा है।

### आईडीएफसी बैंक में

## 550 करोड़ रुपये के गबन मामले में सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में 550 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में सीबीआई ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

चंडीगढ़ स्थित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में हरियाणा सरकार के खातों से कथित तौर पर 550 करोड़ रुपये के गबन के मामले में सीबीआई ने एफआईआर दायर कर ली है। सीबीआई की ओर से मामले की जांच अपने हाथ में लेने के बाद आधिकारिक सूत्रों ने इसकी पुष्टि की।


हरियाणा सरकार ने जांच केंद्रीय जांच एजेंसी को सौंप दी थी। उन्होंने बताया कि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने बुधवार को यह मामला केंद्रीय जांच एजेंसी को भेजा था। सीबीआई ने उस मामले को अपने हाथ में लेते हुए एफआईआर दर्ज की, जिसकी जांच पहले हरियाणा राज्य सतर्कता और भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो (एसवी एंड एसीबी) कर रहा था।

**गलत तरीके से निजी खातों में सरकारी पैसे भेजने का है आरोप-** हरियाणा के सतर्कता विभाग ने मामले को संबंधित एजेंसी को सौंपते हुए कहा, "यह मामला धोखाधड़ीपूर्ण बैंकिंग गतिविधियों और फर्जी लेनदेन से संबंधित है। इस धोखाधड़ी को कथित तौर पर सरकारी धन को स्वास्तिक देश प्रोजेक्ट, एसआरआर प्लानिंग गुरुस प्राइवेट लिमिटेड, कैप को फिनटेक सर्विसेज, आरएस ट्रेडर्स और अन्य संबंधित फर्मों/व्यक्तियों सहित फर्जी संस्थाओं के खातों में स्थानांतरित करने के लिए व्यवस्थित तरीके से अंजाम दिया गया था। इस गड़बड़ी से सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ। सूत्रों ने बताया कि पुलिस और ईडी के आरोपों के अनुसार, हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा राज्य के फंड को बैंक में फिक्स्ड डिपॉजिट (एसएफडी) के रूप में जमा किया जाना था, लेकिन आरोपियों ने कथित तौर पर इसे अपने निजी काम के लिए इस्तेमाल कर लिया मामले की प्राथमिक जांच से पता चलता है कि विभिन्न फर्जी कंपनियों और छोटी आभूषण कंपनियों में भारी मात्रा में धनराशि ट्रांसफर की गई है और अंततः सोने की खरीद और रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश के बहाने उसे निकाल लिया गया।


1st RERA APPROVED RESORT TOWNSHIP IN RAMNAGAR UTTARAKHAND
LUXURY VILLA
Managed By
BW | Best Western
Hotels & Resorts
Fully Furnished
Price
₹ 1.35 Cr
Onwards
Amenities
Jacuzzi
Club House
Lake
and 50+ More
Bail Parao Nainital Uttarakhand
Book Now- +91 85950 07767


खाटू श्याम जी का रहस्य
तीन बाणधारी
3 चमत्कारी बाण
कमजोर का सँकल्प
हमेशा हारने वाले
पक्ष का सहारा
महाभारत के साक्षी
कृष्ण ने दिया 'श्याम' का वरदान
कलयुग में होगी 'श्याम' नाम की पूजा
सच्चे मन से जो भी पुकारे
उसका बेड़ा पार है
श्री खाटू श्याम जी
नीले घोड़े वाला वो खाटू श्याम हमारा

## अंतर ढूंढो...


## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-2
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
8. पासे फेंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2, 3
15. चोरी करना-2, 3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफ्न करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

### ऊपर से नीचे

1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़-4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 145 | | 31 | | 32 | | 50 | = | 94 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 44 | | 24 | | 15 | = | 15 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 10 | | 5 | | 40 | | 15 | = | 25 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 45 | | 40 | | 36 | | 25 | = | 59 / 16 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | रा | मा | त | र | र | अ | ट | यु | क | वि |
| टी | वी | सू | ह | क्स | ल | जी | दि | ल | को | ज |
| वा | र | ल | द | अं | त | त | मा | मो | ल | य |
| सं | वि | दा | आ | ल | क | या | हा | ह | व | म |
| दा | ज | न | प | व | म | डे | डी. | म्स | सी | वैं |
| दि | य | य | स | जि | स्क | क | इ | द | म | ट |
| बे | ह | यु | मां | या | म | र | ह | र | जा | श |
| श | जा | व | ला | ज | र | सी | डी. | ट | फ | धी |
| मों | रे | त | सू | ह | रे | दा | बे | जे. | र | र |
| मि | ल | च | त्त | र | ट | क | वैं | न | गां | ध |
| या | र | म | न | लां | वा | इ | र | म्हे | ह | थी |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | | 3 | 5 | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | |
| 1 | 2 | | 6 | | 7 | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | |
| | 6 | 1 | 4 | | 3 | 5 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ




सनातन धर्म के चार युग
1. सतयुग
17,28,000 वर्ष
प्रारंभ: पुष्कर
2. त्रेतायुग
12,96,000 वर्ष
प्रारंभ: नैमिशारण्य
(अवश्ये दोयाा / आँख्रान विक्रंि )
3. द्वापरयुग
8,64,000 वर्ष
प्रारंभ: कुरुक्षेत्र
4. कलियुग
4,32,000 वर्ष
प्रारंभ: गंगा
ॐ
धर्म के चरण
4
3
2
1

■ वर्ष-12 अंक-156 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 10 अप्रैल, 2026

## सुभाषितानि

आतुरे व्यसने प्राप्ते दुर्भिक्षे शत्रुसण्कटे।
राजद्वारे श्मशाने च यात्तिष्ठति स बान्धवः॥

**भावार्थ** : जब कोई बीमार होने पर, असमय शत्रु से घिर जाने पर, राजकार्य में सहायक रूप में तथा मृत्यु पर श्मशान भूमि में ले जाने वाला व्यक्ति सच्चा मित्र और बन्धु है।

भोज्यं भोजनशक्तिश्च रतिशक्तिर वरांगना।
विभवो दानशक्तिश्च नाऽल्पस्य तपसः फलम्॥

**भावार्थ** : भोज्य पदाथ, भोजन-शक्ति, रतिशक्ति, सुन्दर स्त्री, वैभव तथा दान-शक्ति, ये सब सुख किसी अल्प तपस्या का फल नहीं होते।

## राजनैतिकदृष्ट्या अस्याः नूतनायाः कार्यकारिणीसमित्याः निर्माणस्य

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

एताः नियुक्तयः स्पष्टतया सूचयन्ति यत् संस्था युवानेतृत्वं अग्रे आनयितुं तृणमूलस्तरस्य स्वपदं सुदृढं कर्तुं च कार्यं कुर्वती अस्ति। राजनैतिकदृष्ट्या अस्याः नूतनायाः कार्यकारिणीसमित्याः निर्माणस्य महत्त्वं अपारं मन्यते। आगामिनगरीय स्थानीयनिकायस्य पंचायतनिर्वाचनस्य च मनसि कृत्वा एते परिवर्तनानि कार्यान्विताः सन्ति। संस्थायाः सवेर्षां नवनियुक्तानां पदाधिकारिणां स्वस्वक्षेत्रेषु स्वक्रियाकलापं वर्धयितुं, स्थानीयविषयान् उत्थापयितुं, महिलामतदातृषु दलस्य पदस्थापनं सुदृढं कर्तुं च निर्देशः दत्तः अस्ति। विशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् एतादृशाः संगठनात्मकाः परिवर्तनाः महिलामतबैङ्कस्य एकीकरणस्य रणनीत्याः भागः अस्ति। एतेन न केवलं दलस्य तृणमूलशक्तिः वर्धते अपितु राज्यराजनीत्यां महिलाकाङ्ग्रेसस्य भूमिकां।

## सम्पादकीयम्

### निर्वाचनसज्जतायाः

विशेषतः पश्चिमबङ्गदेशे निर्वाचनआयोगस्य सत्ताधारी तृणमूलकाङ्ग्रेसस्य च मध्ये दृश्यमानः टकरावः उद्भूतः अस्ति। बङ्गदेशे सङ्घर्षः- निर्वाचनसज्जतायाः समीक्षां कर्तुं यदा मुख्यनिर्वाचनआयुक्तः कोलकातानगरम् आगतः तदा तस्य विरोधाः अभवन्। मुख्यमन्त्री ममता बनर्जी अद्यैव मतदातानां नामानि मनमानारूपेण विलोप्यन्ते इति आरोपं कृत्वा धर्नाविरोधं (धरना) कृतवती आसीत्। सर्वोच्चन्यायालयेन अपीलीयन्यायाधिकरणस्य स्थापनाविषये निदेर्शाः निर्गताः ततः परं सा स्वस्य विरोधं स्थगितवती। राज्ये एसआईआर-प्रक्रियायाः अन्तर्गतं प्रायः ६३.६ लक्षं नामानि विलोपितानि सन्ति, यदा तु ६० लक्षं (६० लक्षं) तः अधिकाः प्रकरणाः समीक्षाधीनाः सन्ति सीईसीविरुद्धं संकल्पः अस्मिन् सन्दर्भे निर्वाचनआयोगस्य एव विश्वसनीयता तीव्रपरीक्षायाः सामनां करोति, महत्त्वपूर्णप्रश्नान् च उत्थापयति। सीईसी ज्ञानेशकुमारस्य विरुद्धं अविश्वासप्रस्तावः स्पष्टतया सूचयति यत् विपक्षस्य विश्वासः सर्वथा नष्टः अस्ति। अयं प्रस्तावः टीएमसीद्वारा प्रस्तावितः, १९३ संसदसदस्यानां हस्ताक्षरं कृतम्। एतेन न्यूनातिन्यूनम् अस्मिन् विशेषे विपक्षः एकीकृतः दृश्यते इति तात्पर्यम्। प्रस्तावे 'बिहार एसआईआर' विवादस्य विशिष्टः उल्लेखः कृतः अस्ति तथा च सीईसी कस्यचित् राजनैतिकदलस्य हिताय कार्यं करोति इति अपि आरोपः कृतः अस्ति। इदानीं प्रासंगिकः विषयः न अस्ति यत प्रस्तावः उत्तीर्णः भवति वा न वा; अपितु महत्त्वपूर्णं यत्।

### मुख्यमन्त्री असमदेशे ८४% तः अधिकस्य अभिलेखमतदानस्य

# जनसञ्चालनस्य विश्वासस्य च ऐतिहासिकतरङ्गः इति वर्णयति



ब्रह्मास्त्र ›› गुवाहाटी

राज्यस्य सवेर्षु १२६ विधानसभाक्षेत्रेषु गुरुवासरे मतदानस्य शान्तिपूर्वकं समाप्तिः अभवत्, यत्र सायं ५:०० वादनपर्यन्तं मतदातानां मतदानं प्रायः ८४.४२ प्रतिशतं कृतम्। निर्वाचनआयोगस्य आँकडानुसारं २०२१ तमे वर्षे विधानसभानिर्वाचने अभिलेखितं ८२.०४ प्रतिशतं मतदानं अतिक्रमयति, अतः अस्मिन् वर्षे निर्वाचनसहभागिता अभिलेखस्तरं प्राप्तवती इति गण्यते

राज्यस्य ३५ जिल्हेषु विस्तृतेषु ३१,४९० मतदानकेन्द्रेषु प्रातः ७:०० वादने मतदानं आरब्धम्, मतदातानां मध्ये दिवसं यावत् अपारः उत्साहः दृष्टः अनेकक्षेत्रेषु मतदातानां मतदानं ९० प्रतिशतं पारं कृतम्, दलगांवविधानसभाक्षेत्रे ९४.५७ प्रतिशतं मतदानं सर्वाधिकं अभवत्। तद्विपरीतम् अमरीक्षेत्रे ७०.४० प्रतिशतं मतदानं सर्वाधिकं न्यूनम् अभवत्।

एतत् विशालं मतदातानां मतदानं ऐतिहासिकं इति वर्णयन् मुख्यमन्त्री हिमन्तविश्वसर्मा अवदत् यत् एषः केवलं निर्वाचनव्यायामः एव नास्ति, अपितु सक्रियजनसहभागितायाः लोकतन्त्रे विश्वासस्य च प्रतीकम् अस्ति। सः अवलोकितवान् यत् अनेकेषु मतदानकक्षेषु ९५ प्रतिशताधिकं मतदानं दृष्टम्-एषा स्थितिः स्वयमेव असाधारणी अस्ति। एतत् जलप्रवाहक्षणम् इति उक्त्वा सः प्रतिपादितवान् यत् जनानां मुखयोः दृश्यमानः आशा, आनन्दः च आसन्ननिर्वाचनपरिणामानां स्पष्टसूचकरूपेण कार्यं करोति।

भारतीयजनतापक्षस्य नेतृत्वे गठबन्धनं पुनः निर्णायकं जनादेशं प्राप्स्यति इति अपि मुख्यमन्त्री विश्वासं प्रकटितवान्। इदं निर्वाचनं भाजपायाः तृतीयवारं सत्तां प्राप्तुं प्रयत्नः इति दृश्यते, यदा तु विपक्षदलः-भारतीयराष्ट्रीयकाङ्ग्रेसः-दशकं सत्तायाः बहिः पुनरागमनाय प्रयतते। इदानीं असमप्रदेशकाङ्ग्रेससमितेः अध्यक्षः गौरवगोगोई अपि मतदातानां कृते कृतज्ञतां प्रकटितवान् यत् ते एतावता बृहत्संख्यायां मतदानं कर्तुं उपस्थिताः अभवन्। सः अवदत् यत् जनाः नवस्य उत्तमस्य च असमस्य आशां कृत्वा मतदानं कृतवन्तः। तदतिरिक्तं सः निर्वाचनआयोगं इलेक्ट्रॉनिकमतदानयन्त्राणां (ईवीएम) सुरक्षां सुनिश्चितं कर्तुं आग्रहं कृतवान्। निर्वाचनकाले कतिपयेषु स्थानेषु हिंसायाः घटनाः अपि ज्ञाताः। समाचारानुसारं विभिन्नेषु संघर्षेषु प्रायः ३० जनाः घातिताः, सप्त व्यक्तिः च गृहीताः। रंगमतीनगरे काङ्ग्रेस-भाजपा-समर्थकानां मध्ये सङ्घर्षे २५ जनाः घातिताः, खौवाङ्ग-प्रदेशात् राजनैतिककार्यकतृर्णां।

### शत्रु-ड्रोन्-इत्यस्य कृते प्रलयस्य

## वर्तनार्थं ओएफके इत्यत्र विकसितं नवीनं एल-70 बन्दुकम्

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

भारतीयसेना शीघ्रमेव अत्याधुनिकं, उन्नतं एल-७० विमानविरोधी बन्दुकं प्राप्तुं निश्चिता अस्ति, यस्य निमार्णं सम्प्रति जबलपुरस्य आयुधकारखानाखमरिया इत्यत्र क्रियते। इदं नूतनं बन्दुकं न केवलं पूर्ववतीर्नां बन्दुकानाम् अपेक्षया प्रौद्योगिकीदृष्ट्या दूरतरं उन्नतं भविष्यति अपितु शत्रु-ड्रोन्-विमानं, निम्न-उड्डयन-विमानं च क्षणमात्रेण निपातयितुं क्षमता अपि भविष्यति इयं परियोजना आत्मनिर्भर भारत (आत्मनिर्भर भारत) अभियानस्य अन्तर्गतं महत्त्वपूर्णा उपलब्धिरूपेण दृश्यते। सूत्रानुसारं एतत् नूतनं एल-७० बन्दुकं आधुनिकप्रौद्योगिकीभिः पूर्णतया सुसज्जितं भवति। अस्मिन् विद्युत् चालनप्रणाली अस्ति या पूर्वमाडलानाम् अपेक्षया द्रुततरं सटीकतरं च करोति। तदतिरिक्तं अत्याधुनिक-अग्नि-नियन्त्रण-प्रणाल्या सह रडार-प्रौद्योगिक्या च सह एकीकृतम् अस्ति, येन बन्दुकं स्वयमेव स्वस्य लक्ष्यं चिन्तयितुं, तान् पिनपॉइंट-सटीकतया संलग्नं कर्तुं च समर्थः भवति एतत विशेषता पारम्परिकविमानविरोधीप्रणालीभ्यः अपेक्षया शस्त्रं दूरतरं घातकं प्रभावी च करोति।

जबलपुरनगरस्य आयुधकारखाना खमरिया भारतीयसेनायाः शस्त्राणां गोलाबारूदानां च निमार्णं बहुकालात् अस्ति। अस्मिन् सुविधायां एल-७० बन्दुकस्य नूतनरूपस्य उत्पादनं आरभ्यतुं सज्जता अधुना तीव्रगत्या प्रचलति। अस्य बन्दुकस्य उत्पादनं अद्यतनीपर्यन्तं स्थगितम् आसीत् तथापि तस्य पुनः आरम्भार्थं आवश्यकी अनुमोदनप्रक्रिया अधुना अन्तिमपदे अस्ति इति कथ्यते 'हरितसंकेतः' प्राप्तमात्रेण शस्त्रस्य बृहत्-प्रमाणेन निमार्णं आरभ्यते।

## राशिफल

**मेष** : विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं, जो लाभदायक रहेगी। कठोर शब्दों का प्रयोग न करें।

**वृषभ** : व्यापार अच्छा चलेगा और आप अच्छे मुनाफे की भी उम्मीद कर सकते हैं। आर्थिक रूप से यह एक अच्छा दिन है।

**मिथुन** : परिवार के किसी सदस्य से कोई गुड न्यूज मिल सकती है। सेहत ठीक रहेगी, लेकिन नींद पूरी लेना जरूरी रहेगा।

**कर्क** : एक शानदार लव लाइफ का आज के दिन आनंद लें, जहां आप पिछली सभी प्रॉब्लम्स को सुलझा सकते हैं।

**सिंह** : रिलेशनशिप को रोमांचक और प्रोडक्टिव बनाए रखें। आज के दिन पॉजिटिव सोच के साथ काम के तनाव को दूर करें।

**कन्या** : आज के दिन आपकी सेहत सामान्य है, लेकिन अपने खान-पान का ध्यान रखें। सेहत सामान्य है।

**तुला** : आज के दिन पैसे को समझदारी से इन्वेस्ट करें। कोई बड़ी स्वास्थ्य समस्या भी आपको परेशान नहीं करेगी।

**वृश्चिक** : सही लाइफस्टाइल से हेल्दी रहें। आज धन लाभ होगा। रिलेशन में अहंकार के लिए आज के दिन कोई जगह नहीं रहेगी।

**धनु** : फाइनेंशियल इन्वेस्टमेंट के मामले में सावधान रहें। आज सेहत पर ध्यान देने की जरूरत है।

**मकर** : आपको ज्यादा से ज्यादा सेविंग्स करने के ऑप्शन दिखेंगे। आज के दिन सेहत से भी समझौता न करें।

**कुंभ** : आज सेहत पर ध्यान देने की जरूरत है। पार्टनर के लिए अपने जुनून को साबित करने के मौके मिलेंगे।

**मीन** : आज सुरक्षित पैसों के निवेश को प्राथमिकता दें। सेहत के लिहाज से आराम करना जरूरी रहेगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# शनि की महादशा में इन दो ग्रहों की अंतर्दशा देती है शुभ फल, मिलते हैं करियर और आर्थिक लाभ

शनि की महादशा में इन दो ग्रहों की अंतर्दशा देती है शुभ फल, मिलते हैं करियर और आर्थिक लाभ

जब शनि के साथ बुध या शुक्र की अंतर्दशा चलती है, तो जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं और कई समस्याओं से राहत भी मिलती है। आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

शनि ग्रह की महादशा का समय लगभग 19 वर्षों तक चलता है और इसे जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण माना जाता है। इस दौरान व्यक्ति को कई तरह के अनुभवों से गुजरना पड़ता है, जो उसे परिपक्व और मजबूत बनाते हैं। हालांकि, इस लंबी अवधि में अलग-अलग ग्रहों की



अंतर्दशाएं भी आती हैं, जो परिणामों को काफी हद तक प्रभावित करती हैं। खासतौर पर बुध और शुक्र की अंतर्दशा को शनि महादशा के भीतर अपेक्षाकृत शुभ माना जाता है, क्योंकि इन दोनों ग्रहों का शनि के साथ मित्रतापूर्ण संबंध होता है। ऐसे में जब शनि के साथ बुध या शुक्र की अंतर्दशा चलती है, तो जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं और कई समस्याओं से राहत भी मिलती है।

**बुध की अंतर्दशा-** अगर बात करें शनि महादशा में बुध की अंतर्दशा की, तो इसकी अवधि लगभग 2 साल 8 महीने की होती है। बुध को बुद्धि, वाणी, संचार और व्यापार का प्रतिनिधि ग्रह माना जाता है। इस समय व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता मजबूत होती है और निर्णय लेने की योग्यता में सुधार आता है। करियर और व्यवसाय के क्षेत्र में भी अच्छे अवसर मिल सकते हैं।

**करियर में सफलता-** कई लोगों को इस दौरान नई नौकरी या नया काम शुरू करने का मौका मिलता है। खासतौर पर आईटी, मीडिया, लेखन, मार्केटिंग और कम्युनिकेशन से जुड़े क्षेत्रों में बेहतर परिणाम देखने को मिलते हैं।

**सोचने समझने की क्षमता-** इस अवधि में व्यक्ति की तार्किक क्षमता और विश्लेषण शक्ति बढ़ती है, जिससे वह जटिल परिस्थितियों को भी आसानी से संभाल पाता है। पारिवारिक जीवन की बात करें तो भाई-बहनों के साथ संबंधों में सुधार आता है और उनका सहयोग भी प्राप्त होता है।

**आर्थिक स्थिरता-** आर्थिक स्थिति में भी धीरे-धीरे मजबूती आती है और धन-संपत्ति में वृद्धि के योग बनते हैं। कुल मिलाकर, शनि-बुध की अंतर्दशा जीवन को स्थिरता और प्रगति की दिशा में आगे बढ़ाने में सहायक होती है।

**शुक्र की अंतर्दशा -** शनि महादशा के दौरान शुक्र की अंतर्दशा लगभग 3 साल 2 महीने तक चलती है। शुक्र को सुख-सुविधाओं, कला, प्रेम और वैभव का कारक माना जाता है। शनि और शुक्र के बीच मित्रता का संबंध है, इसलिए यह समय कई मायनों में अनुकूल परिणाम देने वाला हो सकता है। इस अवधि में व्यक्ति की रचनात्मकता में निखार आता है और कला, संगीत, फैशन या डिजाइन जैसे क्षेत्रों में सफलता मिल सकती है।

शनि-शुक्र की अंतर्दशा के दौरान आर्थिक स्थिति में सुधार होता है और भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि देखने को मिलती है। कई लोगों को इस समय भूमि, भवन या वाहन खरीदने के अवसर मिलते हैं। करियर में चल रही बाधाएं धीरे-धीरे समाप्त होने लगती हैं और कार्यक्षेत्र में स्थिरता आती है।

इसके अलावा, यह समय प्रेम और वैवाहिक जीवन के लिए भी अनुकूल माना जाता है। रिश्तों में मधुरता बढ़ती है और जीवनसाथी के साथ संबंध मजबूत होते हैं। जो लोग विवाह की प्रतीक्षा कर रहे हैं, उनके लिए भी यह अवधि शुभ संकेत लेकर आ सकती है।

## खबर एक नजर...

### पिता और भाईयों को बुलाकर पति पर करवाया हमला

**उज्जैन।** इंदौररोड स्थित ग्राम पंथपिपलाई में रहने वाले संजय पिता दुलीचंद चौहान का पत्नी सीमा से टीवी चलाने की बात पर विवाद हो गया था। विवाद बढ़ता देख संजय समीप रहने वाले पिता के घर चला गया। इस बीच पत्नी सीमा ने अपने पिता तोलाराम को फोन पर पति द्वारा विवाद करने की सूचना दी गई। शाम को सीमा के पिता तोलाराम, भाई राकेश, कालू, कैलाश और अन्य रिश्तेदार ग्राम नागपुरा सांवेर से पंथपिपलाई पहुंच गये। जहां संजय को सीमा से विवाद करने की बात को लेकर बुरी तरह लात-घूंसो और डंडे से पीटा। संजय को बचाने उसके पिता दुलीचंद और मां सौरम बाई आई तो उनके साथ भी मारपीट की गई। मारपीट में संजय बुरी तरह घायल हो गया। जिसे उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में नानाखेड़ा थाना पुलिस द्वारा घायल के बयान दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

### जहरीला पदार्थ खाने वाली 2 महिलाओं की हुई मौत

**उज्जैन।** ग्राम रूदाहेड़ा और संवराखेड़ी क्षेत्र की रहने वाली 2 महिलाओं ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। नीलगंगा थाना क्षेत्र के सांवराखेडी से पप्पूबाई पति बद्रीलाल 58 साल को बुधवार शाम चरक अस्पताल में भर्ती किया गया था। रात में मौत हो गई। वहीं घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम रूदाहेड़ा से रीना पति रामचरण राठौर 32 साल को परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती किया था। गुरूवार दोपहर मौत होने पर माधवनगर थाना पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। दोनों मामलों में पारिवारिक विवाद की आशंका जताई गई है। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू करेगी।

### 13 साल के बालक की नहीं बच पाई जान

**उज्जैन।** आगर मालवा के ग्राम बिहाना से 7 अप्रैल की शाम 13 साल के बालक कान्हा पिता सुरेश बंजारा को उज्जैन लाया गया था। बालक को सांप ने डंसा था। 2 दिन चले उपचार के दौरान निजी अस्पताल में गुरूवार तड़के बालक की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर नागझिरी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर चरक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने बताय कि कान्ह कक्षा कक्षा 9 वीं का अध्ययन कर रहा था। 7 अप्रैल को वह गांव में इलेक्ट्रिक दुकान के पास खड़ा था, उसी दौरान सांप ने डंसा था। हालत बिगड़ने पर उसे देवासरोड स्थित निर्मला अस्पताल लेकर आये थे।

### ड्रग्स तस्कर रिमांड पर, महिला को भेजा जेल

**उज्जैन।** ढाई लाख की एमडीएमए ड्रग्स के साथ बुधवार-गुरूवार रात पुलिस ने महिला और 3 युवकों को हिरासत में लिया था। चारों को गुरूवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। महिला को जेल भेजने के साथ तीनों युवकों को रिमांड पर लिया गया है। पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि रात में सूचना मिली थी कि गरोठ ब्रिज के नीचे पल्सर बाइक से एक महिला और युवक मादक पदार्थ बेचने की फिराक में आये है। सूचना पर घेराबंदी की गई और बाइक सवार जावेद उर्फ खन्ना पिता एजाज अली निवासी झालावाड़ राजस्थान और अलीशा उर्फ शमीम पति फिरोज खान निवासी नानाखेड़ा उज्जैन को पकड़ा गया। जिनके पास से 55 ग्राम एमडीएमए ड्रग्स बरामद हुई। पूछताछ करने पर उन्होने ड्रग्स ऋतिक पिता युवराज सौदे पंवासा और आदर्श पिता रविन्द्रसिंह भदौरिया गांधीनगर आगररोड से लाना कबूल किया। पुलिस टीम ने रात में ही उक्त दोनों युवकों को भी हिरासत में ले लिया। मामले में एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर तीनों युवकों को रिमांड पर लिया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 267-5 | 380-1 |
| मेन बाजार | 234-9 | 468-8 |
| मिलन डे | 778-2 | 780-5 |
| मिलन नाइट | 112-4 | 346-3 |

1 5 7

### ग्राम झलारिया में हादसा, बाहर निकालने के लिये रेस्क्यू ऑपरेशन

# बोरवेल में गिरा मासूम, खुदाई में चट्टान बनी परेशानी





**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

ग्राम झलारिया में गुरूवार शाम बड़ा हादसा हो गया। 3 साल का मासूम खुले बोरवेल में गिर गया। घटनाक्रम सामने आते ही पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंच गया। मासूम को बाहर निकालने के लिये रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया है। आधी रात पास खुदाई के चलते जमीन में चट्टान आने से परेशानी बढ़ गई, आज सुबह मासूम के जीवित होने की संभावना भी लगभग समाप्त हो चुकी थी।

बड़नगर तहसील के ग्राम झलारिया से देर शाम 7.30 से 8 बजे के लगभग खबर आई कि खेलते समय पलदूना मार्ग पर खेत में खुले बोरवेल के अंदर एक बच्चा गिर गया है। तत्काल बड़नगर एसडीओपी महेन्द्रसिंह सिकरवार और थाना प्रभारी अशोक पाटीदार टीम के साथ मौके पर पहुंचे गये। मामले से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा, एसडीआरएफ/होमगार्ड कमांडेंट संतोष कुमार जाट मौके पर पहुंच गये। मासूम बच्चे को बचाने के लिये रेस्क्यू ऑपरेशन की शुरूआत की गई। मासूम करीब 60 से 70 फीट की गहराई में फंसा हुआ था। रेस्क्यू टीम द्वारा बोरवेल में कैमरा उतारा गया और ऑक्सीजन देने की शुरूआत की गई। मासूम बच्चा मूवमेंट करते दिखाई दे रहा था। आसपास खुदाई का काम शुरू किया गया। सभी जरूरी संसाधन जेसीबी, पोकलेन मशीनों को बुला लिया गया था। मौके पर अंधेरा होने पर लाईट की व्यवस्था की गई थी। प्रशासन, होमगार्ड, एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम के साथ ग्रामीण भी मदद में लगे थे। पूरी रात खुदाई का काम चला रहा लेकिन खुदाई के दौरान जमीन में बड़े पत्थर चट्टान नुमा होने की वजह से खुदाई के काम में परेशानी आने लगी जिसके चलते तड़के खुदाई का काम रोक दिया गया। मासूम बच्चे को बाहर निकालने के लिए पैरेलल खुदाई का काम शुरू किया गया वहीं अन्य संसाधनों की मदद से बोरवेल के मुहाने से ही बच्चों को बाहर निकालने के प्रयास शुरू किए गए हैं। बच्चों के हाथ में कड़ी डालकर ऊपर लाने की कोशिश की जा रही है।

#### राजस्थान पाली का रहने वाला है मासूम

थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि मासूम बच्चा भागीरथ पिता प्रवीण देवासी 3 साल राजस्थान के पाली स्थित गुड़ानला का रहने वाला है। पूरा परिवार भेड़-बकरियां चराने के लिये आया हुआ है। हादसा अय्युब खान के खेत में हुआ है। बच्चे को बोरवेल में गिरता मां ने देखा था उसने दौड़कर बचाने का प्रयास किया लेकिन बच्चा गहराई में चला गया था। उससे शोर मचाया और ग्रामीणों को जानकारी दी। खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी।

#### ऐसे होना सामने आया हादसा

बताया जा रहा है कि मासूम बच्चा और परिवार भेड़े लेकर गुजर रहा था। बोरवेल पर ढक्कन लगा हुआ था जिस पर पत्थर भी रखा था। भेड़ों का झुंड जैसे ही वहां से गुजरा पत्थर गिर और ढक्कन खुल गया। भेड़ों के झुंड के साथ पीछे बच्चा आ रहा था। उसका पैर बोरवेल के खुले मुंह पर रखा गया और संतुलन बिगड़ने से अंदर जा गिरा।

#### जीवित होने की संभावना समाप्त

मासूम को बचाने के लिए शुरू किए गए रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान रात 10 बजे तक उसका मूवमेंट कैमरो में दिखाई दे रहा था, वही सामने आया कि बोरवेल में पानी भी भरा हुआ है, आधी रात बात मासूम के जीवित होने की संभावना भी खत्म हो गई थी, कैमरे में मासूम का मूवमेंट दिखाई नहीं दे रहा था।

## चौडीकरण नपती को लेकर कांग्रेस-भाजपा नेता आमने-सामने

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

जूना सोमवारिया से पिपलीनाका तक मार्ग चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। गुरूवार को विकास प्राधिकरण और नगर निगम की टीम नपती के लिये पहुंची थी। इस दौरान सेंट्रल लाइन से नपती करने की बात पर कांग्रेस-भाजपा नेता के बीच विवाद हो गया। मामला बिगड़ता देख पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था।

बताया जा रहा है कि दोपहर में विकास प्राधिकरण और नगर निगम की टीम पिपलिनाका क्षेत्र में सेंट्रल लाइन से नपती करने के लिये पहुंची थी। इस दौरान मकानों, दुकानों का हटाने के लिये निशान लगाये जा रहे थे। मार्ग पर कांग्रेस नेता अशोक भाटी और भाजपा पार्षद गब्बर भाटी के मकान भी है। कांग्रेस नेता ने नपती को लेकर आपत्ति दर्ज कराई तो भाजपा पार्षद ने अलग तरह से नपती करने को कहा। जिस पर दोनों के बीच विवाद की स्थिति बन गई। उनके समर्थक भी आमने-सामने हो गये। मामला धक्का-मुक्की, हाथापाई तक पहुंच गया। नपती करने वाली टीम हैरत में पड़ गई। दोनों पक्षों की ओर बनी विवाद की स्थिति में कुछ लोग जख्मी हो गये। विवाद बढ़ने की खबर लगते ही जीवाजीगंज थाना पुलिस का बल मौके पर पहुंच गया, कांग्रेस नेता अशोक भाटी के कुछ समर्थक भी मौके पर एकत्रित हो गये। वहीं भाजपा पार्षद के समर्थक भी मौके पर आ गये थे। पुलिस ने सभी को अलग किया और मामला शांत कराया। बताया जा रहा था कि कांग्रेस-भाजपा पार्षद एक ही परिवार से जुड़े है। जिनके बीच पूर्व से विवाद की स्थिति है। नपती के दौरान दोनों पक्षों का कहना था कि उनके मकान की गलत तरीके से नपती की जा रही थी। मामले में थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि फिलहाल मामला शांत करा दिया गया है। क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से कुछ पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। विवाद को लेकर दोनों पक्षों की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

## गिरफ्त में लूट का प्रयास करने वाला बदमाश

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

चाकू मारकर लूट का प्रयास करने वाला बदमाश गुरूवार को पुलिस की गिरफ्त में आ गया। तीन माह से उसकी तलाश जारी थी। बदमाश से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया है।

देवासगेट थाना क्षेत्र के स्मार्ट रोड हीरामिल तालाब के सामने 13 जनवरी की रात 10.30 बजे ढांचा भवन में रहने वाला गोपाल राठौर बाइक से अपने घर लौट रहा था। उसी दौरान चिमनगंज थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशिटर बदमाश रवि डाबी पिता जगदीश डाबी ने रास्ता रोक शराब पीने के 500 रुपए मांगे। गोपाल के मना करने पर बदमाश ने चाकू से हमला कर लूट का प्रयास किया। गोपाल हाथ में चाकू लगने पर घायल हो गया। उसने शोर मचाया तो ऋषि मिश्रा, विजयसिंह और आकाश सोनी बीच-बचाव के लिये पहुंचे थे, बदमाश भाग निकला था। देवासगेट पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू की थी। एसआई राधेश्याम



आवलिया ने बताया कि गुरूवार सुबह खबर मिली कि बदमाश रवि डाबी कोयला फाटक क्षेत्र में घूमता दिखाई दिया है। तत्काल उसे पकड़ने के लिये टीम के साथ घेराबंदी की गई। उसे कुछ देर की तलाश के बाद कोयला फाटक से गिरफ्तार कर लिया। जिससे थाने लाकर पूछताछ शुरू की गई और घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया। दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। एसआई आवलिया के अनुसार बदमाश के खिलाफ 11 से अधिक अपराध दर्ज है।

## बच्चूखेड़ा से चोरी हुई जेसीबी गुनाई के जंगल में मिली, 4 साथियों की तलाश जारी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

ग्राम बच्चूखेड़ा घट्टिया से 7-8 अप्रैल की रात चोरी हुई जेसीबी को पुलिस ने चंद घंटों में ग्राम गुनाई के जंगल से बरामद कर ली। एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। जिसे कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। उसके चार साथियों की तलाश जारी है।

घट्टिया तहसील के पानबिहार चौकी क्षेत्र के ग्राम बच्चूखेड़ा में अजित अग्रवाल के फार्म हाऊस पर बने गोडाउन के बाहर खड़ी जेसीबी मंगलवार-बुधवार रात 1 बजे अज्ञात



बदमाश चोरी कर ले गये थे। जेसीबी चोरी होने पर मामले की शिकायत संतोष पिता भीमसिंह राठौर ने पानबिहार चौकी प्रभारी जयंत डामोर को दर्ज कराई। प्रभारी ने टीम के साथ जेसीबी चोरी करने वालों की तलाश शुरू की और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें चार से पांच बदमाशों की भूमिका सामने आई। बदमाशों को ट्रेस कर उनके भागने वाले रूट पर सर्चिंग शुरू की गई। इस दौरान ग्राम गुनाई के जंगल से जेसीबी को बरामद कर लिया गया। चोरी में शामिल गोपाल पिता दयाराम बंजारा निवासी ग्राम काथला सिहोर को हिरासत में लिया गया। जिससे पूछताछ में पता चला कि उसके साथ चोरी में राहुल बंजारा, मोहन बंजारा निवासी ग्राम घूंसर हाटपिपलिया और 2 अन्य साथी शामिल थे। पुलिस टीम ने उनकी तलाश की लेकिन फरार होना सामने आये। गुरूवार को हिरासत में आये आरोपी गोपाल को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया। उससे पूछताछ कर फरार साथियों की जानकारी जुटाई जा रही है। बताया जा रहा है कि लेनदेन के विवाद में जेसीबी चोरी को अंजाम दिया गया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com